तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 22.1 डिग्री

हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 26 मार्च 2025

यह लोकल ट्रेन चलेगी

- 68721 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर रायपुर से 30 मार्च से 6 अप्रैल तक चलेगी।
- 68723 डोंगरगढ़-रायपुर मेमू पैसेंजर डोंगरगढ़ से 30 मार्च से 6 अप्रैल तक चलेगी।
- 68724 गोंदिया-रायपुर मेमू पैसेंजर गोंदिया से 31 मार्च से 7 अप्रैल तक चलेगी।
- 68729 रायपुर-गोंदिया मेमू पैसेंजर रायपुर से 30 मार्च से 6 अप्रैल तक चलेगी।
- 68730 डोंगरगढ़-रायपुर मेमू पैसेंजर डोंगरगढ़ से 31 मार्च से 7 अप्रैल तक चलेगी।
- 68742 / 68741 गोंदिया-दुर्ग-गोंदिया मेमू पैसेंजर को रायपुर तक विस्तारित
- 68729/ 68730 रायपुर-डोंगरगढ़-रायपुर मेमू पैसेंजर का गोंदिया तक विस्तार
- 08709/08710 डोंगरगढ़-दुर्ग-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन चलाई जा रहा है।
- 08701/08702 दुर्ग-रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन चलाई जा रहा है।

चैत्र नवरात्रि में डोंगरगढ़ जाने श्रद्धालुओं को हर 3 घंटे में मिलेगी ट्रेन, दर्जनभर एक्सप्रेस का ठहराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चैत्र नवरात्रि का पर्व 30 मार्च से शुरू होने वाला है। हर साल नवरात्रि में बड़ी संख्या में लोग माता के दर्शन करने डोंगरगढ़ और रतनपुर जाते हैं। ट्रेनों की उपलब्धता बढ़ाने और भीड़ नियंत्रित करने के लिए रेलवे ने डोंगरगढ़ में ट्रेनों का स्टॉपेज बढ़ा दिया है। इस बार डोंगरगढ़ में नौ दिनों तक प्रतिदिन दर्जन एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज दिनभर में रहेगा, जो पिछले साल से अधिक है। रायपुर व बिलासपुर के साथ नागपुर से सभी बड़ी संख्या में लोग माता के दर्शन करने पहुंचते हैं, जिसके कारण भी रेलवे ने डोंगरगढ़ और मैहर स्टेशनों में ट्रेनों का ठहराव दिया है। इस बार डोंगरगढ़ जाने के लिए यात्रियों को लंबा इंतजार करना नहीं पड़ेगा। ▶▶|शेष पेज 13 पर

- पिछले साल की तुलना में इस बार स्पेशल ट्रेनों की संख्या अधिक
- यात्रियों को 10 नए व्यंजन के साथ मिलेगी थाली की भी सुविधा

आईआरसीटीसी नवरात्रि में यात्रियों को बिना लहसुन और प्याज के शुद्ध सात्विक भोजन परोसेगा

दो घंटे पहले देना होगा आर्डर

स्टेशनों में फलाहारी व्यंजन तैयार करने का कहा गया है, लेकिन ऑर्डर देने के बाद बनाकर यात्रियों को दिया जाएगा। पहले से बनाकर नहीं रखा जाएगा। ट्रेन में ऑर्डर करने पर एक से दो घंटे के बाद खाना मिलेगा। गर्म व ताजा नहीं होने से सीधे आईआरसीटीसी में शिकायत कर सकते हैं। स्टेशन में फलाहारी खाली 30 मिनट में मिल जाएगी।

यह ट्रेन जाएगी डोंगरगढ़

- 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस
- 20844 भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस
- 20845 बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस
- 20846 बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस
- 12851 बिलासपुर - चेन्नई एक्सप्रेस
- 12852 चेन्नई - बिलासपुर एक्सप्रेस
- 12849 बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस
- 12850 बिलासपुर -पुणे एक्सप्रेस
- 12772 रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस
- 12771 सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस

खबर संक्षेप

साइबर पुलिस ने दो सटोरियों को घेराबंदी कर पकड़ा

रायपुर। आजाद चौक और एंटी क्राइम साइबर पुलिस ने 24 मार्च को दो सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मोमिनपारा स्थित एचएमटी चौक पर 2 सटोरियों द्वारा

अंकों पर दांव लगाकर पर्ची के माध्यम से सट्टा खिलाया जा रहा है। पुलिस ने इस सूचना पर घेराबंदी कर गुलाम असकरी निवासी मोमिनपारा एवं सन्नी विश्वकर्मा निवासी बढ़ईपारा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नकदी 18500 रुपए, सट्टा-पट्टी एवं हिसाब-किताब की डायरी बरामद की।

आईपीएल मैच पर सट्टा खिलाते दो गिरफ्तार

रायपुर। डीडीनगर पुलिस ने आईपीएल मैच में सट्टा खिलाते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को 24 मार्च को सूचना मिली कि चंगोराभाठा स्थित महादेवा तालाब

के पास दो व्यक्ति मोबाइल से ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहे हैं। पुलिस ने इसके बाद तत्काल ठिकाने पर दबिश दी और मयंक वर्मा निवासी न्यू चंगोराभाठा अयोध्या नगर एवं रवि देवांगन निवासी श्रीराम नगर न्यू चंगोराभाठा को गिरफ्तार किया। इन दोनों के कब्जे से एप्पल कम्पनी के दो आईफोन एवं एक स्मार्टफोन जब्त किया। दोनों आरोपी आईपीएल मैच में लखनऊ सुपर जायन्ट्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच चल रहे मैच में ऑनलाइन सट्टा खिला रहे थे।

मंदिर की दान पेटी से नकदी उड़ाने वाला गिरफ्तार

रायपुर। मंदिर की दानपेटी से नकदी चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना 20-21 मार्च की दरमियानी रात की है। कोई अज्ञात चोर पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के राधास्वामी नगर स्थित शिव साईं मंदिर की दानपेटी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे रुपए चोरी कर फरार हो गया था। इस घटना की रिपोर्ट सुरेश कुमार दुबे ने थाने में दर्ज कराई थी।

हरिभूमि की खबर का असर, जनशिकायत पर महापौर मीनल चौबे ने लिया संज्ञान

अफसरों पर भड़कीं मेयर, बूढ़ातालाब पाथ-वे का काम रोकने का फरमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बूढ़ातालाब का पाथ वे चौपाटी से मुक्त होगा, महापौर मीनल चौबे ने पाथवे घेरकर बनाए जा रहे चौपाटी का का काम रोकने का फरमान जारी किया है। स्पॉट पर पहुंची मेयर ने अफसरों को काम रोकने कहा। उन्होंने साफ कहा कि नागरिक सुविधाओं के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

- पाथवे खत्म कर चौपाटी बनाने, शराब परोसने की अनुमति से भड़के नागरिक

गौरतलब है, चौपाटी से चौपट हो रहा शहर का सौंदर्य शीर्षक से हरिभूमि ने बूढ़ातालाब के पाथवे घेरकर पर्यटन मंडल से अनुबंधित एजेंसी द्वारा चौपाटी बनाने की खबर को 24 मार्च के रायपुर भूमि में प्रमुखता से प्रकाशित किया। इस खबर का असर दूसरे ही दिन देखने को ▶▶|शेष पेज 13 पर

महापौर ने कहा- धरोहर से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

पाथवे को फ्री करें, लोगों के टहलने की है जगह

स्थानीय रहवासी और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. अजीत आनंद डेग्वेकर ने महापौर और निगम आयुक्त से मांग की है, बूढ़ातालाब में बनाये गये पाथवे को लोगों टहलने के लिए सुरक्षित रखा जाये। रोजाना सैकड़ों की संख्या में लोग सुबह-शाम टहलने के लिए परिवार के साथ आते हैं, ऐसे में चौपाटी खुलने से वहां गंदगी फैलेगी और बूढ़ातालाब को प्रदूषित होते देर नहीं लगेगी। यह शहर की ऐतिहासिक धरोहर है, इसका संरक्षण करने की जगह मुनाफा कमाने की जगह बनाया जा रहा है। हमारी मांग है कि पाथवे पर चौपाटी के लिए रखे गये भारी भरकम कंटेनकर को तत्काल हटाया जाये। बूढ़ा तालाब में हो रहे चौपाटी निर्माण कार्य का निरीक्षण के दौरान महापौर के साथ निगम आयुक्त विश्वदीप, एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा, वार्ड पार्षद मुरली शर्मा सहित स्थानीय रहवासी उपस्थित रहे।

अब रात में भी बढ़ेगी गर्मी

सिस्टम कमजोर होते ही गर्मी ने लगाई दो डिग्री की छलांग नांदगांव का पारा 39 पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पश्चिमी विक्षोभ की वजह से बनने वाले सिस्टम के कमजोर होने से प्रदेश में गर्मी ने चौबीस घंटे के भीतर दो डिग्री की छलांग लगाई है। मंगलवार को राजनांदगांव का अधिकतम पारा 39 डिग्री पर पहुंच गया। एक दो दिन में नया विक्षोभ तैयार होगा जो रात का पारा भी बढ़ाएगा यानी दिन के साथ रात में भी गर्मी सताएगी।

मार्च का अंतिम सप्ताह बढ़ती गर्मी के साथ बीतेगा और अप्रैल की शुरुआत भी तेज धूप के साथ होगी। सिस्टम के कमजोर होने के बाद गर्मी ने अपना बढ़ता असर दिखाना शुरू कर दिया है। दिन के पारा में चौबीस घंटे के भीतर दो डिग्री की उछाल आई है जिससे अधिकतम तापमान 40 डिग्री के करीब पहुंच गया है। आने वाले दिनों में विक्षोभ का आना-जाना जारी रहेगा मगर अप्रैल की तेज गर्मी में इसका कोई खास प्रभाव पड़ने की गुंजाइश कम है। इस बार अप्रैल-मई के महीने में सूरज के तेवर ज्यादा सख्त रहने का अनुमान है।मंगलवार को गर्मी का तेवर ▶▶|शेष पेज 13 पर

गर्मी के बढ़ते तेवर

रायपुर	37.0
माना	36.0
बिलासपुर	37.2
पेंड्रा	35.0
अंबिकापुर	33.6
जगदलपुर	36.0
दुर्ग	36.8
नांदगांव	39.0

छुट्टी के दिन भी खुला रहा रजिस्ट्री कार्यालय, दिनभर लगी रही भीड़

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

पंजीयन कार्यालय रायपुर मंगलवार को शासकीय अवकाश के बाद भी खुला रहा। सुबह 10 से रात 7 बजे तक कार्यालय में रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ लगी रही। पिछले दो दिन से सर्वर की समस्या होने के कारण रजिस्ट्रियां धीमी गति से हो रही थीं, लेकिन तीसरे दिन सर्वर की समस्या काफी हद तक ठीक हो गई, जिससे एक-दो घंटे ही सर्वर धीमा रहा। इससे रजिस्ट्री कराने में लोगों को ज्यादा परेशानी नहीं हुई। हालांकि वित्तीय वर्ष 2024-25 का अंतिम व क्लोजिंग महीना होने के कारण अब रजिस्ट्री कराने वालों की संख्या जरूर बढ़ी है, जिससे ऑनलाइन अपाइंटमेंट भी सामान्य दिनों की तुलना में डेढ़ से दो सौ ज्यादा दिए जा रहे हैं।

भक्त कर्मा माता जयंती पर शासकीय अवकाश रहा। यह अवकाश पंजीयन विभाग को छोड़कर अन्य ▶▶|शेष पेज 13 पर

करीब दो घंटे सर्वर धीमा रहा

सर्वर की समस्या अभी भी पूरी तरह से सुधर नहीं पाई है। तीसरे दिन भी दोपहर 12.15 बजे से 2 बजे तक करीब दो घंटे तक सर्वर धीमे रहा। इस कारण इस दौरान रजिस्ट्रियां भी धीमे गति से हुई। सर्वर की समस्या रायपुर सहित प्रदेश के सभी पंजीयन कार्यालयों में बनी हुई है।

देर शाम तक हुई रजिस्ट्री

पंजीयन कार्यालय आज भी खुला रहा। दिनभर रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ लगी रही। सर्वर में पहले से ज्यादा सुधार आया है, जिससे रजिस्ट्री में ज्यादा परेशानी नहीं आई। जितने अपॉइंटमेंट दिए गए थे उन सभी की रजिस्ट्री हो गई।

- विनोज कोचे, पंजीयक पंजीयन कार्यालय रायपुर

प्रतिदिन 350 से 500 अपॉइंटमेंट

हर साल एक अप्रैल से कलेक्टर की नई गाइड लाइन जारी होती है, जिसका असर रजिस्ट्री के पंजीयन एवं स्टाम्प शुल्क पर भी पड़ता है। सरकारी रेट में जमीन का कीमत बढ़ने से पंजीयन एवं स्टाम्प शुल्क में भी वृद्धि होती है। इसे देखते हुए ज्यादातर लोग महंगी रजिस्ट्री से बचने के लिए मार्च में ही रजिस्ट्री कराते हैं। यही कारण है कि हर साल मार्च महीने में रजिस्ट्री कराने के लिए प्रतिदिन 350 से लेकर 500 तक अपॉइंटमेंट दिया जाता है, जबकि सामान्य दिनों में इसकी संख्या 100 से 200 के बीच रहती है।

उच्च शिक्षा विभाग का फरार क्लर्क गिरफ्तार, 18 लाख का किया था गबन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उच्च शिक्षा विभाग के रीजनल ऑफिस में पदस्थ ग्रेड-2 क्लर्क आकाश श्रीवास्तव को

पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घोटाला कर वह भोपाल भाग गया था, जहां से पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तार क्लर्क पर 18 लाख रुपए के गबन का आरोप है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा मार्च की शुरुआत में शिकायत ▶▶|शेष पेज 13 पर

ऐसे किया था घोटाला

आरोपी क्लर्क ने रूसा में कार्यरत कर्मचारियों को उच्च शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय में कार्यरत बताकर वेतन आहरण किया था। इसके लिए वरिष्ठ कर्मचारी के डिजिटल हस्ताक्षर का प्रयोग किया गया था। 18 लाख रुपए की सरकारी राशि अलग-अलग खाते में जमा करके निजी उपयोग किया था। 2023 से 2025 के बीच पद पर रहते हुए क्लर्क द्वारा यह घोटाला किया गया था।

छात्रों के साथ अभिभावकों को भी बताया जाएगा-कौन सा कॅरियर है बेहतर?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हायर सेकंडरी के छात्रों के साथ-साथ अब पालकों को भी बताया जाएगा कि रुचि के अनुसार कौन सा कॅरियर चुनना बेहतर है। यह प्रयोग इसलिए किया जा रहा है ताकि छात्र संग पालक भी व्यवसाय की वर्तमान जरूरतों को समझ सकें और अपने बच्चों की सहायता कर सकें। इसके लिए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने स्वयं से संबद्ध स्कूलों के प्रमुखों को एक नोटिस जारी किया है। यह नोटिस बोर्ड द्वारा अभिभावकों के लिए जारी की गई हैंडबुक के संबंध में है। आधिकारिक नोटिस में स्कूलों के प्रमुखों को 'स्कूल के बाद कॅरियर' पर अभिभावकों के लिए जारी पुस्तिका के संबंध में जानकारी साझा की गई है। छात्रों को अपने भविष्य के बारे में निर्णय लेने में सक्षम बनाने में करियर मार्गदर्शन के महत्व को ध्यान में रखते हुए, बोर्ड ने अभिभावकों के लिए एक पुस्तिका साझा करने का निर्णय लिया, जो उन्हें इस संबंध में मार्गदर्शन करने में मदद करेगी। ▶▶|शेष पेज 13 पर

- स्कूलों को जारी हुआ नोटिस, पालकों को देना होगा हैंडबुक

व्यावहारिक सलाह पर जोर

आधिकारिक नोटिस में कहा गया है, आज के लगातार विकसित और गतिशील नौकरी बाजार में, छात्रों को सार्थक कॅरियर विकल्पों के लिए सही उपकरण और अंतर्दृष्टि से लैस करने के लिए स्कूलों, अभिभावकों और हितधारकों के बीच सहयोग आवश्यक है। इस प्रयास का समर्थन करने के लिए, सीबीएसई कॅरियर आधारित जानकारी साझा कर रहा है। यह व्यापक मार्गदर्शिका स्कूलों, अभिभावकों और अभिभावकों को अपने बच्चों को प्रभावी ढंग से करियर विकल्पों का पता लगाने में मदद करने के लिए बहुमूल्य अंतर्दृष्टि और व्यावहारिक सलाह प्रदान करेगी।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

खबर संक्षेप

सीएम साय बेंगलुरु इन्वेस्टर मीट में होंगे शामिल

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंगलवार को शाम 6:50 बजे स्वामी विवेकानन्द विमानतल रायपुर से बेंगलुरु रवाना हुए। श्री साय वहां पर बुधवार को इन्वेस्टर मीट कार्यक्रम में उद्योगपतियों से मिलकर राज्य में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। बेंगलुरु में राज्य शासन द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इंवेस्टर मीट में प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन और उद्योग विभाग के अधिकारी भी शामिल होंगे।

कांग्रेस की ड्राफ्ट समिति में भूपेश शामिल

रायपुर। कांग्रेस के गुजरात अधिवेशन के लिए एआईसीसी ने ड्राफ्ट कमेटी का गठन किया है। कमेटी में 15 कांग्रेस नेताओं को शामिल किया गया है। इसमें छत्तीसगढ़ से कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल को शामिल किया गया है। कमेटी में प्रदेश के प्रभारी सचिन पायलट, पूर्व प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया को भी नाम शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि 8 और 9 अप्रैल को गुजरात में एआईसीसी का यह सम्मेलन आयोजित किया गया है।

मुख्यमंत्री साय से की मुलाकात, जताया आभार

रायपुर। छत्तीसगढ़ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन (सीजीएचआरए) के अध्यक्ष तरणजीत सिंह होरा और एसोसिएशन के सदस्यों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की। श्री होरा ने होटल्स को उद्योग का दर्जा देने के लिए सीएम का आभार जताते हुए इस निर्णय को छत्तीसगढ़ में हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इसके साथ ही श्री होरा ने कहा कि सीएम श्री साय ने होटल उद्योग से संबंधित समस्याओं पर ध्यान देने का भरोसा होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों को दिया है।

विश्व क्षय दिवस पर छत्तीसगढ़ सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित

रायपुर। विश्व क्षय दिवस के अवसर पर विज्ञान भवन , नई दिल्ली में स्वास्थ्य एवम परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री व रसायन और उर्वरक मंत्री श्री जे. पी. नड्डा ने की । टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण भारत शासन द्वारा वर्ष 2023 में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत की पहल की गई थी । जिसके तहत निर्धारित सूचकांको के आधार पर ग्राम पंचायतों का मूल्यांकन कर उन्हें टीबी मुक्त घोषित किया जा रहा है । उक्त अभियान के प्रारंभ वर्ष में छत्तीसगढ़ के 2260 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त घोषित हुए थे। जबकि वर्ष 2024 में टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों की संख्या बढ़कर 4102 हो गयी । जिस हेतु 50 लाख से अधिक जनसंख्या वाले बड़े राज्यों में टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों का सर्वाधिक अनुपात प्राप्त करने वाली श्रेणी में छत्तीसगढ़ राज्य को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ ।

पहली उड़ान 3 हजार में डेढ़ घंटे में पूरा होगा सफर

रायपुर। लंबे इंतजार के बाद रायपुर-विशाखापट्नम की दूरी तय करने वाली फ्लाइट 31 मार्च से शुरू होगी, पहली उड़ान का किराया 3 हजार है। सोम, मंगल, बुध, गुरु और शुक्रवार को चलने वाली यह फ्लाइट दोनों शहरों की दूरी को आधे घंटे में तय करेगी। इंडिगो इस सेक्टर में 78 सीटर वाला छोटा विमान संचालित करेगी। विशाखपट्नम का हवाई संपर्क एयर इंडिया की उड़ान बंद होने के साथ कट गया था। उसके बाद से इस फ्लाइट की लंबे समय से प्रतीक्षा की जा रही थी। 30-31 मार्च को इसी कंपनी की प्रयागराज, इंदौर और भोपाल की फ्लाइट भी अलग-अलग शेड्यूल में आवाजाही करेगी।

हादसा : मुआवजा एवं ब्रेकर की मांग को लेकर सड़क पर बैठे रहे ग्रामीण

हाईवा की चपेट में आने से बाइक सवार 2 की मौत, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा से लगे ग्राम तुलसी के शासकीय स्कूल के पास मढ़ी की तरफ से मंगलवार शाम दोपहिया वाहन में सवार होकर आ रहे सनत कुमार साहू पिता स्व. प्रेमलाल साहू उम्र 50 वर्ष ग्राम मढ़ी निवासी अपनी दोपहिया वाहन में पीछे बैठाकर प्रेम लाल निर्मलकर 50 वर्ष उरकुरा रायपुर निवासी के साथ मढ़ी से तिल्दा की ओर आ रहे थे तभी तिल्दा से खरोरा की ओर जा रही तेज रफ्तार हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 25 H 1853 ने अपनी चपेट में लिया जिससे दोपहिया सवार दोनों की मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने चक्का जाम कर दिया जिससे तिल्दा खरोरा सिमगा प्रमुख मार्ग में घंटों जाम लग गया है। नेवरा थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम दल बल के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंचे साथ ही बड़ी संख्या में आसपास थानों से भी पुलिस बल उपस्थित हो गए। घटनास्थल पर एसडीएम आशुतोष देवांगन, नायब तहसीलदार विपिन पटेल भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। ग्रामीणों ने उचित मुआवजा एवं ब्रेकर की मांग को लेकर समाचार लिखे जाने तक सड़क पर बैठ गए है।

जेसीबी से मुख्य मार्ग को खुदवाया गया

ग्रामीणों ने जेसीबी मशीन बुलवाकर रात्रि में ही मुख्य सड़क को बीचोबीच खुदवा दिए। इस बीच नेवरा निवासी एक भाजपा के जिला पदाधिकारी उपस्थित हुए व नेतागिरी करने लगे जहां ग्रामीणों ने उनके खिलाफ नेतागिरी बंद करो के जमकर नारेबाजी कर उसे वहां से दूर हटा दिए। अधिकारियों के काफी समझाइश के बाद ग्रामीण थोड़ा शांत हुए फिर बीच सड़क के खोदे हुए गड्ढे को पटवाया गया। इसके बावजूद ग्रामीण अपनी मांगो को लेकर सड़क पर ही चक्काजाम कर बैठे है। एसडीएम सहित पुलिस अधिकारी ग्रामीणों को समझाने में जुट हुए हैं।

एक सप्ताह में दो महिलाओं की अर्धनग्न शव बरामद

धरसींवा। उद्योग नगर सिलतरा और साकरा के साथ साथ धरसींवा और आसपास एनएच-30 इन दिनों अपराधियों का सुरक्षित गढ़ बन गया है। शायद ही ऐसा कोई दिन गुजरता हो, जिस दिन इस मार्ग पर किसी जगह लूट की घटना घटित नहीं हुई हो। इसके बाद भी इन घटनाओं में संलिप्त अपराधी आज तक स्थानिय पुलिस की पकड़ से बाहर ही हैं। वहीं आए दिन महिलाओं पर अत्याचार की खबर आम बात हो गई है जिसमें सबसे जायदा सुर्खियों में दो महिलाओं की अर्धनग्न लाश बरामद हुए है इसमें अब तक कोई बड़ी कार्यवाही सामने नहीं आई है। राजधानी रायपुर से बिलासपुर मार्ग पर ही प्रदेश का सबसे बड़ा उद्योग सिलतरा और साकरा है जहां अपराधी अपना अड्डा बना कर जुर्म को अंजाम दे रहे हैं। साकरा से सिलतरा चौक में आए दिन छिनतई और लूट की घटनाएं होती रहती हैं। धरसींवा से रैता व शराब दुकान से चरौदा तक का मार्ग अपराधियों के लिए सुरक्षित शरणस्थली बना हुआ है। वहीं बीते एक सप्ताह में दो महिलाओं की अर्धनग्न शव भी आसपास में ही घटित हुई है।

कच्चा लोहा और डीजल चोर सक्रिय, चल रहा गैंगवार

सिलतरा और साकरा में इन दिनों बढ़ते अपराध में नए नए गिरोह शामिल हो रहे है जिसमें सबसे जायदा गैंग डीजल चोरों और कच्चा लोहा के साथ आयरन चोर सक्रिय हो गए है जिसके लिए भी पूरे क्षेत्र में गैंगवार छिड़ी हुई है इन अपराधियों के सामने पुलिस बौनी साबित हो रही है। अपराधी शहर की पाश कॉलोनियों में रात्रि के समय घुस जाते हैं। थाना प्रभारी राजेन्द्र दिवान धरसींवा ने कहा की अपराधियों पर अंकुश लगाने पुलिस अपनी पूरी ताकत झोंक दिए है जनता को सुरक्षित रखने पुलिस हर पहलू पर कार्य कर रही है। अपराधी जल्द बेनकाब होंगे।

स्वास्थ्य मित्रों ने जानी एक्यूप्रेशर थेरेपी और आयुर्वेद के रहस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

अमूल्य एकेडमी में दिल्ली और चंडीगढ़ से पहुंचे एक्यूप्रेशर थेरेपी के जानकार और मैनेजमेंट के विभिन्न

- अमूल्या एकेडमी में मूल स्वास्थ्य प्रबंधन का प्रशिक्षण

धुरंधरों के माध्यम से छत्तीसगढ़ के युवा और महिलाएं मूल स्वास्थ्य प्रबंधन के विभिन्न गूढ़ सिख रहें हैं। बता दे कि मुख्यालय के पास एक निजी होटल में अमूल्या एकेडमी द्वारा तीन दिवसीय स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका समापन सोमवार को हुआ। शरीर की अनेक बीमारियों में आयुर्वेद और एक्यूप्रेशर थेरेपी के द्वारा कैसे ठीक किया जाए यह कौशल जानकारों द्वारा दी गई। चंडीगढ़ से आए डॉ. शशि गुप्ता एचओडी आयुशम ने स्वास्थ्य प्रबंधन की जानकारी देते हुए कहा कि मूल स्वास्थ्य प्रबंधन में संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, मानसिक स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्याप्त नींद, तनाव प्रबंधन और निवारक देखभाल शामिल हैं। वहीं एक्यूप्रेश एक्सपर्ट डॉ. दीपक ने एक्यूप्रेशर थेरेपी को स्किल के रूप में परिभाषित करते हुए स्वास्थ्य सेवा के माध्यम से स्वरोजगार को बढ़ावा देने की बात कही। और स्वास्थ्य मित्रों को समाज सेवा के लिए प्रेरित किए। इस प्रशिक्षण में राज्य के लगभग नब्बे महिला पुरुष स्वास्थ्य मित्रों ने जमकर हिस्सा लिए। कार्यक्रम मे संस्था के एमडी डॉ. मनीष मारवाह, सुनील देवगन, अतुल, विजय लक्ष्मी साहू, एचडी साहू, विवेक, विनय पैगवार, मोहन राव इत्यादि जानकार उपस्थित रहे।

किसान क्रेडिट ऋण योजना पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा किसानों के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें किसान क्रेडिट ऋण योजना की जानकारी दी गई एवं उनकी समस्याओं को सुना गया। इस कार्यक्रम में आरबीआई के अधिकारी श्री गोपीनाथ एवं जिला लीड बैंक प्रबन्धक श्री सिराज हयात ने किसानों को संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धरसींवा क्षेत्र के प्रमुख बैंक छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, SBI, IDBI के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। अधिकारियों ने किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) के लाभ, आवेदन प्रक्रिया एवं ऋण चुकाने की सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, किसानों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर किसानों ने अपने अनुभव साझा किए और ऋण से जुड़ी अपनी परेशानियों को अधिकारियों के समक्ष रखा। बैंक अधिकारियों ने किसानों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का उचित समाधान किया जाएगा और सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इस जागरूकता कार्यक्रम से किसानों को वित्तीय सहायता योजनाओं की बेहतर समझ मिली, जिससे उन्हें कृषि कार्यों में आर्थिक सहयोग प्राप्त करने में सुविधा होगी।

महानदी का पानी पाइप लाइन के माध्यम से कुम्हारी जलाशय तक पहुंचाया जाए

तिल्दा नेवरा। किसान मंजूर संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजू शर्मा ने मुख्यमंत्री से मांग की है की महानदी बैराज समोदा से किसानों को पाइप लाइन के माध्यम से कुम्हारी जलाशय को भरा जाए। खोलीडबरी, गौखेड़ा, रजिया, छतोद ताराशिव, खुडमुड़ी, घुलघुल, कोहका कोटा, खपरीखुर्द, देवरी, कुम्हारी जलाशय से उक्त गांव के किसानों को जलाशय का पानी दिया जाए। उक्त क्षेत्र हमेशा अकाल की छाया में रहता है, जलाशय से पानी मिलने से किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी। उक्त बातें किसान नेता राजू शर्मा ने मुख्यमंत्री, सिंचाई मंत्री एवं वित मंत्री ओपी चौधरी को पत्र लिख कर कहा की 209 करोड़ की पाइल लाइन विस्तार की प्रशासनिक स्वीकृति तत्काल प्रदान करें। किसानों की उक्त बैठक में जनपद सदस्य देवव्रत शर्मा, सरपंच तेज राम वर्मा, कमल वर्मा, रोशन यादव, नोहर वर्मा, दीपक वर्मा, चेतन साहू, बालाराम साहू, यगेंद्र साहू व किसानों ने पाइप लाइन विस्तार की मांग की है।

बड़े बकायादारों पर कार्रवाई 5 गोदाम और फैक्ट्री सील

रायपुर। रायपुर नगर निगम के राजस्व विभाग ने बड़े बकायादारों से बकाया कर वसूलने कड़ाई बरतनी शुरू कर दी है। मंगलवार को जोन 10 राजस्व विभाग की टीम ने जोन सहायक राजस्व अधिकारी महादेव रक्सेल के नेतृत्व में बड़े बकायेदारों पर कार्रवाई की। बकाया कर जमा करने में कोताही बरतने पर 5 गोदाम को सील किया गया। वहीं एक खिलौना फैक्ट्री का बकाया कर अदा नहीं करने पर फैक्ट्री सील की गई। देवपुरी क्षेत्र में बड़े बकायादारों की संपत्तियों पर नगर निगम ने सीलबंदी की कार्रवाई की। अनूप अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, एकता अग्रवाल देवपुरी स्थित ट्रेक्टर डीलर व्यवसायिक उपयोगकर्ता भूमि, नवीन सिंघानिया, नीतू उर्मिला, राजकुमार, प्रवीण वर्ष 2016-17 से 2024 तक बकाया राशि 32 लाख 94 हजार 675 रुपये का बकाया भुगतान नहीं करने पर 5 गोडाउन को सीलबंद किया गया।

देवांगन समाज को बुनकर की तरह एक साथ पिरोना होगा : डॉ. ओमप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

छत्तीसगढ़ में देवांगन समाज को एक बुनकर की तरह एक साथ

- संतोष अध्यक्ष और कमल नारायण सचिव निर्वाचित
- देवांगन समाज की वार्षिक बैठक में लिए गए कई निर्णय

पिरोने का कार्य करना होगा तभी हम प्रदेश और देश के विकास में अपनी सशक्त भूमिका निभा पाएंगे। यह बातें चंदखुरी राज देवांगन समाज की वार्षिक बैठक में प्रदेश देवांगन समाज के अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश देवांगन ने कही। बैठक में 30 गांव के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस दौरान राज समाज का चुनाव भी संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम धरसींवा के सारागांव में सम्पन्न हुए। सारागांव में आयोजित बैठक की शुरुआत में मां परमेश्वरी की पूजा अर्चना की गई। साथ ही वार्षिक प्रतिवेदन रखा गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाज के अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश देवांगन ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज में व्याप्त भेदभाव को दूर करने के लिए समाज को एकजुट होना होगा और सामाजिक समरसता का संदेश देना होगा तभी समाज में बदलाव आएगा, जिससे समाज मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को समाज में जोड़ना होगा और समाज के लोगों को बुनकर बनकर एक साथ पिरोकर रखना होगा तभी समाज का उत्थान होगा। बैठक में चंदखुरी राज देवांगन समाज का चुनाव हुआ, जिसमें संतोष देवांगन सारागांव अध्यक्ष और कमल नारायण देवांगन पचेड़ा सचिव निर्वाचित हुए। इनके अलावा गैंदूराम देवांगन कोषाध्यक्ष और हरीश देवांगन पचेडा अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ निर्वाचित हुए। बैठक में समाज के संरक्षक महेश देवांगन, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रेणु देवांगन, राजनीतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धनेश देवांगन, प्रदेश के सलाहकार चन्द्रभान देवांगन, संतराम देवांगन, रायपुर जिला देवांगन समाज के अध्यक्ष दिनेश देवांगन, जिला महिला अध्यक्ष चंद्रकला देवांगन, युवा प्रकोष्ठ के संरक्षक खिलेश देवांगन समेत 30 गांव के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

सांसद बृजमोहन ने लोकसभा में उठाया सहकारी बैंकों, छोटे किसान-व्यापारियों से जुड़ा मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने मंगलवार को संसद में प्रश्नकाल के दौरान छत्तीसगढ़ में सहकारी बैंकों, छोटे किसान-व्यापारियों के आर्थिक विकास और डेयरी सहकारी समितियों को मजबूत बनाने से संबंधित महत्वपूर्ण सवाल उठाए। उन्होंने जानकारी मांगी कि सरकार गांवों और शहरों में नई सहकारी समितियों की स्थापना तथा मौजूदा समितियों को सशक्त करने के लिए क्या कदम उठा रही है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने संसद में बताया, केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश में सहकारी बैंकों और छोटे किसानों-व्यापारियों को सशक्त करने के लिए व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने देशभर में 2 लाख बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी और मात्स्यिकी सहकारी समितियों की स्थापना की योजना को मंजूरी दी है, जिसे राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, राष्ट्रीय मत्स्यकी विकास बोर्ड एवं राज्य सरकारों के सहयोग से क्रियान्वित किया जा रहा है।

पूर्व मंत्री मूणत की दो टूक- अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं नियम विपरीत निर्माण करने वालों पर लें एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पश्चिम क्षेत्र विधायक राजेश मूणत ने निगम के अधिकारियों से कहा है कि पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। यदि नियमों का उल्लंघन कर आवासीय क्षेत्र में वशवसायिक निर्माण होता है, तो उसे तत्काल हटाया जाये। पार्किंग के लिए जगह छोड़े बिना निर्माण होने पर समय रहते एक्शन लें। इसमें किसी तरह की कोताही नहीं चलेगी। निवास कार्यालय में नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने इस आशय के निर्देश दिये। दरअसल, रायपुर पश्चिम विधानसभा में मास्टर प्लान के विरुद्ध किये जा रहे निर्माण, पार्किंग की जगह छोड़े बिना किये जा रहे निर्माण को लेकर विधायक राजेश मूणत ने नगर निगम अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में निगम आयुक्त विश्वदीप, अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल, उपायुक्त दिव्या चंद्रवंशी, डॉ. अंजलि शर्मा, पश्चिम क्षेत्र के जोन आयुक्त और नगर निवेशक आभास मिश्रा मौजूद रहे। बैठक के दौरान विधायक राजेश मूणत ने अधिकारियों से कहा, नियमों का पालन होना चाहिये। अवैध निर्माण करने वालों के मन में नियम-कानून का डर बना रहना चाहिये। वे किसी का नुकसान करने के पक्षधर नहीं हैं, पर जन सामान्य को परेशानी में डालने वाले निर्माण कार्यों को सहन नहीं करेंगे। श्री मूणत ने कहा कि निगम अधिकारियों का यह दायित्व है कि वे शुरुआती स्थिति में नियम विरुद्ध किये जा रहे निर्माण को रोक दें। इससे न केवल अवैध निर्माण पर रोक लगेगी, बल्कि अवैध निर्माण करने वालों का मनोबल टूटेगा। श्री मूणत ने कहा कि नियमतः मकान बनाते समय सेटबेक छोड़ना जरूरी है, लेकिन कोई नियम का पालन नहीं करना चाहता। अधिकारियों की उदासीनता से यह समस्या विकराल रूप धारण कर रही है। हालत ये है कि हर दूसरे मकान वाले की गाड़ी सड़क पर खड़ी रहती है।

कराते प्रतियोगिता में बच्चों ने 8 पदक जीते

अभनपुर। नवा रायपुर में आयोजित दो दिवस राज्य स्तरीय स्टेयर्स कराते प्रतियोगिता में अभनपुर एनएस मार्शल आर्ट एकेडमी के बच्चों ने विभिन्न आयु वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 8 पदक जीते, जिसमें 6 वर्षीय गार्गी साहू ने स्वर्ण पदक 13 वर्षीय हिमांशु साहू ने स्वर्ण पदक तथा 6 वर्षीय चित्रांगना सिंह, चित्रांश सिंह, जाह्नवी सिन्हा ने 1-1 ब्रोंज मेडल साथ 7 वर्षीय गुरुशरण साहू ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। 14 वर्षीय हर्ष सोनवानी ने 1 ब्रोंज और 17 वर्ष शारदा सिन्हा ने 1 ब्रोंज मेडल प्राप्त किया। एकेडमी कोच सागर सोनवानी और कोच नेमधारी सोनवानी के नेतृत्व में बच्चों का लगातार शानदार प्रदर्शन जारी है। बच्चों के पदक जीतने पर मनीष बाग, संतोष निर्मलकर, स्थानीय जनप्रतिनिधि ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।

विधायक ने माता कर्मा के रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

संत माता कर्मा तेली वंश की गौरव : इन्द्रकुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

नगर साहू समाज अभनपुर के तत्वाधान में संत माता कर्मा जंयती के उपलक्ष्य में परिक्षेत्र साहू समाज भवन में स्थित मां कर्मा मंदिर में विधायक इन्द्रकुमार साहू द्वारा पूजा अर्चना कर संत माता कर्मा का रथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह शोभायात्रा नगर के वार्ड नंबर 9-10, उपरपारा होते हुए किड्स पैराडाइज स्कूल प्रांगण में मंचीय कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने सामाजिक सभा को संबोधित करते कहा कि संत माता कर्मा की जंयती साहू वंश में क्यो मनाई जाती है प्रत्येक व्यक्ति को इतिहास जानने और बताने की जरूरत है, संत माता कर्मा हमारे तेली वंश की गौरव है, जब जब तेली समाज मे कोई विपदा आई है तब तब माता कर्मा तैलीय वंश की उत्थान के लिए कवच बनकर रक्षा की है, वह कोई साधारण मनुष्य नहीं बल्कि देवी शक्ति है, भगवान जगन्नाथ को माता द्वारा खिलाई गई खिचड़ी वही प्रसाद आज भी प्रासंगिक है, इसी तरह माता राजिम भी तैलिक वंश की गौरव है जो भगवान विष्णु की अन्यय भक्त थी प्रतिदिन भगवान को तेल अर्पित करती थी, भगवान विष्णु प्रसन्न होकर माता राजिम को वरदान दिया कि मेरे नाम से पहले माता राजिम का नाम लिया जायेगा इसलिए लोग राजिमलोचन महराज की जय बुलाते है इसी तरह दानवीर भामाशाह भी साहू वंश से आत है जिन्होने देश की आजादी मे अपना सबकुछ समर्पित कर आजादी मे योगदान दिया ऐसा गौरव हमारे तेली समाज को वरदान स्वरूप मिला हुआ है।

साहू समाज सामाजिक समरसता का भाव लेकर चलने वाला समाज है

विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि मै एक कृषक परिवार, ग्रामीण अंचल से हूं आज सामाजिक सेवा की बदौलत इस मुकाम तक पहुंचा हूं, हमारी पहचान सामाजिक कार्यों से हुई है, समाज से बढकर कोई व्यक्ति नहीं हो सकता है, समाज सेवा कभी व्यर्थ नहीं जाता है इसीलिए प्रत्येक व्यक्ति को समय निकालकर सामाजिक कार्यो मे हिस्सा बनना चाहिए। उन्होने कहा कि 20 वर्ष पूर्व सामाजिक पदाधिकारियो के द्वारा मां कर्मा रथ के माध्यम से गांव -गांव में धार्मिक आस्था के अनुरूप जागरूकता लाने का प्रयास किया गया था वह परंपरा आज विशाल रूप ले चुकी है, जब हम संगठित होकर किसी कार्य को करेगे तभी सफल हो पायेगे। इस अवसर पर नगर में समाज के अजीवन सदस्यों का श्रीफल एवं साफा भेंट कर विधायक द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में परिक्षेत्र साहू समाज अध्यक्ष भोजराम साहू, टेकचंद साहू, पवन गुरूपंच, डॉ. सुखदेव साहू, डॉ. पतराम साहू, मदन लाल चंदन, अनुज राम साहू, अघनु राम साहू, लोकेश साहू, टिकेन्द्र साहू, रूपनारायण साहू, विकास साहू, नारायण साहू, घासुराम साहू, रूपनारायण साहू, मुरलीलाल साहू, कैलाश साहू, सागर साहू, भोजराम साहू सहित समाज के महिलाएं भी बड़ी संख्या मे उपस्थित रही।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद, तहसील मंदिर हसौद, जिला-रायपुर

- आम सूचना-

जारी दिनांकः- 10/03/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री शैलेन्द्र चंद्रसेन पिता/पति ओम लाल चंद्रसेन निवासी गोढ़ी छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम गोढ़ी पटवारी हल्का नम्बर 16 राजस्व निरीक्षक मंडल- मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 1037/16, 1037/17, 1037/19 रकबा 0.010, 0.010, 0.010 का संविलियन हेतु स्थल निरीक्षण न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 24/02/2025 के परिपालन में दिनांक 28/03/2025 को समय 1 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त स्थल निरीक्षण (नक्शा संविलियन) में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 16 के गोढ़ी में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
मंदिर हसौद

खबर संक्षेप

सीएम साय बेंगलुरु इन्वेस्टर मीट में होंगे शामिल

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंगलवार को शाम 6:50 बजे स्वामी विवेकानन्द विमानतल रायपुर से बेंगलुरु रवाना हुए। श्री साय वहां पर बुधवार को इन्वेस्टर मीट कार्यक्रम में उद्योगपतियों से मिलकर राज्य में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। बेंगलुरु में राज्य शासन द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इंवेस्टर मीट में प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन और उद्योग विभाग के अधिकारी भी शामिल होंगे।

कांग्रेस की ड्राफ्ट समिति में भूपेश शामिल

रायपुर। कांग्रेस के गुजरात अधिवेशन के लिए एआईसीसी ने ड्राफ्ट कमेटी का गठन किया है। कमेटी में 15 कांग्रेस नेताओं को शामिल किया गया है। इसमें छत्तीसगढ़ से कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल को शामिल किया गया है। कमेटी में प्रदेश के प्रभारी सचिन पायलट, पूर्व प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया को भी नाम शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि 8 और 9 अप्रैल को गुजरात में एआईसीसी का यह सम्मेलन आयोजित किया गया है।

मुख्यमंत्री साय से की मुलाकात, जताया आभार

रायपुर। छत्तीसगढ़ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन (सीजीएचआरए) के अध्यक्ष तरणजीत सिंह होरा और एसोसिएशन के सदस्यों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की। श्री होरा ने होटल्स को उद्योग का दर्जा देने के लिए सीएम का आभार जताते हुए इस निर्णय को छत्तीसगढ़ में हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इसके साथ ही श्री होरा ने कहा कि सीएम श्री साय ने होटल उद्योग से संबंधित समस्याओं पर ध्यान देने का भरोसा होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों को दिया है।

विश्व क्षय दिवस पर छत्तीसगढ़ सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित

रायपुर। विश्व क्षय दिवस के अवसर पर विज्ञान भवन , नई दिल्ली में स्वास्थ्य एवम परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री व रसायन और उर्वरक मंत्री श्री जे. पी. नड्डा ने की । टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण भारत शासन द्वारा वर्ष 2023 में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत की पहल की गई थी । जिसके तहत निर्धारित सूचकांको के आधार पर ग्राम पंचायतों का मूल्यांकन कर उन्हें टीबी मुक्त घोषित किया जा रहा है । उक्त अभियान के प्रारंभ वर्ष में छत्तीसगढ़ के 2260 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त घोषित हुए थे। जबकि वर्ष 2024 में टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों की संख्या बढ़कर 4102 हो गयी । जिस हेतु 50 लाख से अधिक जनसंख्या वाले बड़े राज्यों में टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों का सर्वाधिक अनुपात प्राप्त करने वाली श्रेणी में छत्तीसगढ़ राज्य को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ ।

पहली उड़ान 3 हजार में डेढ़ घंटे में पूरा होगा सफर

रायपुर। लंबे इंतजार के बाद रायपुर-विशाखापट्नम की दूरी तय करने वाली फ्लाइट 31 मार्च से शुरू होगी, पहली उड़ान का किराया 3 हजार है। सोम, मंगल, बुध, गुरु और शुक्रवार को चलने वाली यह फ्लाइट दोनों शहरों की दूरी को आधे घंटे में तय करेगी। इंडिगो इस सेक्टर में 78 सीटर वाला छोटा विमान संचालित करेगी। विशाखपट्नम का हवाई संपर्क एयर इंडिया की उड़ान बंद होने के साथ कट गया था।

मुख्य सूचना आयुक्त के लिए इंटरव्यू आज, सीएस सहित कई पूर्व अफसर हैं दावेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्य सूचना आयुक्त पद के लिए बुधवार 26 तारीख को इंटरव्यूह होगा। इस पद के लिए राज्य के मौजूदा मुख्य सचिव (सीएस) अमिताभ जैन प्रबल दावेदार के रूप में सामने आए हैं। खास बात ये है कि इस पद के लिए जब वे इंटरव्यू देंगे तो उनके सामने इंटरव्यू लेने के लिए उनके ही अधीनस्थ अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) ही सामने होंगे। साथ ही नियुक्ति के लिए मिले आवेदनों के संबंध में मापदंड तय कर परीक्षण करने और अनुशंसा करने लिए बनाई गई कमेटी में ही सीएस के अधीन काम करने वाले तीन अधिकारियों की टीम होगी।

- सर्च कमेटी के अध्यक्ष हैं एसीएस मनोज पिंगुआ
- कई पूर्व अफसर भी मुख्य सूचना आयुक्त के दावेदार

सर्च कमेटी में शामिल हैं चार अधिकारी

छत्तीसगढ़ में राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति के लिए सर्च कमेटी की एक बैठक पिछले दिनों हुई। राज्य मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति के लिए मिले आवेदनों के संबंध में मापदंड तय कर परीक्षण कर अनुशंसा दिए जाने के लिए एक सर्च कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी में एसीएस मनोज कुमार पिंगुआ अध्यक्ष, निहारिका बारिक, सोनमणि बोरा एवं अविनाश चंपावत शामिल हैं।

दो पदों पर होनी है नियुक्ति

राज्य मुख्य सूचना आयुक्त एवं राज्य सूचना आयुक्त के खाली दो पदों पर नियुक्तियां होनी हैं। इन दोनों पदों के लिए कुल 209 आवेदन 155 आवेदकों की ओर से दिए गए हैं। इनमें से 114 आवेदकों ने मुख्य सूचना आयुक्त पद के लिए आवेदन किया है। सर्च कमेटी ने सभी आवेदनों की प्रारंभिक स्क्रूटनी की है। आवेदनों की संख्या अधिक होने के कारण समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि आवेदक के आवेदन पत्र और दस्तावेजों में लिखे अनुसार जो विधि, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, समाजसेवा, प्रबंध, पत्रकारिता या जनसंपर्क, प्रशासन और शासन में 30 वर्षों या उससे अधिक का अनुभव रखते हैं, साथ ही आयु 65 साल से कम है, केवल उन्हीं आवेदकों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

वर्तमान और पूर्व अफसर दावेदार

मुख्य सूचना आयुक्त पद के लिए 26 मार्च को न्यू सर्किट हाउस में इंटरव्यू रखा गया है। इस पद के लिए बड़ी संख्या में दावेदार हैं। खास बात ये है कि इनमें से कुछ वर्तमान और कई पूर्व अधिकारी हैं। इनमें वर्तमान मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पूर्व आईएएस अमृत खलको, पूर्व डीजीपी अशोक जुनेजा, पूर्व डीजीपी दुर्गेश माधव अवस्थी, पूर्व सीएस राजेंद्र प्रसाद मंडल, पूर्व आईएएस संजय कुमार अलंग, पूर्व आईपीएस संजय पिल्ले, पूर्व अधिकारी त्रिलोकचंद महावर, उमेश कुमार अग्रवाल सहित अन्य लोग शामिल हैं।

राज्य के शक्कर बिक्री मासिक कोटा प्रणाली में छूट देकर अधिक मात्रा में बिक्री की मांगी अनुमति

नाबार्ड द्वारा मिलने वाली ऋण सहायता को 45 प्रतिशत करने की मांग

केंद्रीय सहकारिता मंत्री से मिले कश्यप, राज्य के लिए मांगी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने मंगलवार को दिल्ली में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल से सौजन्य भेंट की। बैठक में छत्तीसगढ़ की सहकारी क्षेत्र में उपलब्धियों, चुनौतियों और आवश्यकताओं पर विस्तृत चर्चा हुई। छत्तीसगढ़ में सहकारिता को मजबूत बनाने के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में केंद्रीय राज्य मंत्री को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "सहकार से समृद्धि" विजन को साकार करने में छत्तीसगढ़ तेजी से आगे बढ़ रहा है।

मंत्री श्री कश्यप ने बताया कि छत्तीसगढ़ में सहकारी समितियों के आधुनिकीकरण के लिए 2028 पैक्स का चयन किया गया है। इसके अलावा, शेष 30 पैक्स और प्रस्तावित 500 नए पैक्स के लिए शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की मांग की गई। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने 8500 करोड़ रुपये के अल्पकालिक कृषि ऋण वितरण का लक्ष्य रखा था, जिसमें से अब तक 7709 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। हालांकि, नाबार्ड द्वारा केवल 1150 करोड़ रुपये का ही रियायती पुनर्वित्त उपलब्ध कराया गया है, जो कुल ऋण का मात्र 14.9 प्रतिशत है। इस अनुपात को बढ़ाकर 45 प्रतिशत तक करने की मांग की गई। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से छत्तीसगढ़ की मांगों को पूरा करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, सहकारिता के माध्यम से राज्य में कृषि, ग्रामीण विकास और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं सफलतापूर्वक क्रियान्वित की जा रही हैं। केंद्र सरकार से अपेक्षित सहयोग मिलने पर इन योजनाओं को और अधिक प्रभावी तरीके से लागू किया जा सकेगा। इस दौरान अपर मुख्य सचिव सहकारिता सुब्रत साहू, आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं कुलदीप शर्मा तथा भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

शक्कर बिक्री के मासिक कोटा में मांगी छूट

मंत्री श्री कश्यप ने केंद्र सरकार से राज्य के शक्कर बिक्री मासिक कोटा प्रणाली में छूट देकर अधिक मात्रा में बिक्री की अनुमति प्रदान करने का आग्रह किया ताकि गन्ना किसानों का भुगतान तेजी से हो सके। सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना, पंडरिया द्वारा लिए गए टर्म लोन पर 84.79 लाख रुपये के विलंबित ब्याज को माफ करने का अनुरोध किया गया। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 में छत्तीसगढ़ की भागीदारी के लिए छत्तीसगढ़ को एक्सपोजर विजिट में शामिल करने का भी आग्रह किया गया।

पैक्स कॉमन सर्विस सेंटर की स्थापना

छत्तीसगढ़ सरकार ने सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में आर्थिक विकास को गति देने की कई पहल की है, जिसमें जनजातीय परिवारों के लिए दुग्ध सहकारिता योजना के तहत 6 जिलों में 325 परिवारों को 650 दुधारू पशु उपलब्ध कराने की योजना तैयार की गई है। नाबार्ड की आरआईडीएफ योजना के तहत राज्य में 725 गोदामों का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें से 665 पूर्ण हो चुके हैं। राज्य के 28 पैक्स में जनऔषधि केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें से 25 हाल ही में स्थापित किए गए हैं। 2029 पैक्स में कॉमन सर्विस सेंटर स्थापित किए गए हैं, जिनमें से 1103 हाल ही में शुरू किए गए हैं।

कार्रवाई

बड़े बकायादारों पर कार्रवाई 5 गोदाम और फैक्ट्री सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम के राजस्व विभाग ने बड़े बकायादारों से बकाया कर वसूलने कड़ाई बरतनी शुरू कर दी है। मंगलवार को जोन 10 राजस्व विभाग की टीम ने जोन सहायक राजस्व अधिकारी महादेव रक्सेल के नेतृत्व में बड़े बकायेदारों पर कार्रवाई की। बकाया कर जमा करने में कोताही बरतने पर 5 गोदाम को सील किया गया। वहीं एक खिलौना फैक्ट्री का बकाया कर अदा नहीं करने पर फैक्ट्री सील की गई।

- देवपुरी क्षेत्र में जोन 10 की टीम ने की कार्रवाई

देवपुरी क्षेत्र में बड़े बकायादारों की संपत्तियों पर नगर निगम ने सीलबंदी की कार्रवाई की। अनूप अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, एकता अग्रवाल देवपुरी स्थित ट्रेक्टर डीलर व्यवसायिक उपयोगकर्ता भूमि, नवीन सिंघानिया, नीतू, उर्मिला, राजकुमार, प्रवीण वर्ष 2016-17 से 2024 तक बकाया राशि 32 लाख 94 हजार 675 रुपये का बकाया भुगतान नहीं करने पर 5 गोडाउन को सीलबंद किया गया। इसी तरह हरीश अग्रवाल, हरिनारायण अग्रवाल द्वारा टाइल्स फैक्ट्री टिसाफर, सचिन इंटरप्राइजेस, जलराम इंटरप्राइजेस द्वारा खिलौना फैक्ट्री का बकाया कर भुगतान नहीं किये जाने पर सीलबंद करने की कार्रवाई की गयी है।

सांसद बृजमोहन ने लोकसभा में उठाया सहकारी बैंकों, छोटे किसान-व्यापारियों से जुड़ा मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने मंगलवार को संसद में प्रश्नकाल के दौरान छत्तीसगढ़ में सहकारी बैंकों, छोटे किसान-व्यापारियों के आर्थिक विकास और डेयरी सहकारी समितियों को मजबूत बनाने से संबंधित महत्वपूर्ण सवाल उठाए। उन्होंने जानकारी मांगी कि सरकार गांवों और शहरों में नई सहकारी समितियों की स्थापना तथा मौजूदा समितियों को सशक्त करने के लिए क्या कदम उठा रही है।

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने संसद में बताया, केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश में सहकारी बैंकों और छोटे किसानों-व्यापारियों को सशक्त करने के लिए व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने देशभर में 2 लाख बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी और मात्स्यिकी सहकारी समितियों की स्थापना की योजना को मंजूरी दी है, जिसे राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, राष्ट्रीय मत्स्यकी विकास बोर्ड एवं राज्य सरकारों के सहयोग से क्रियान्वित किया जा रहा है। श्री शाह ने बताया, सहकारी समितियों के माध्यम से महिलाओं और युवाओं को स्वरोजगार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रहा है। अब तक 1,90,894 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया है, जिसमें 38,179 महिलाएं शामिल हैं। वर्ष 2024-25 में सहकारी समितियों के विकास के लिए 89,750 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं।

शहरी सहकारी बैंकों के लिए आवास ऋण सीमा को 30 लाख रुपए से बढ़ाकर 60 लाख रुपए कर दिया गया है, जबकि ग्रामीण सहकारी बैंकों के लिए यह सीमा 75 लाख रुपए कर दी गई है।

पूर्व मंत्री मूणत की दो टूक- अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं नियम विपरीत निर्माण करने वालों पर लें एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पश्चिम क्षेत्र विधायक राजेश मूणत ने निगम के अधिकारियों से कहा है कि पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। यदि नियमों का उल्लंघन कर आवासीय क्षेत्र में वशवसायिक निर्माण होता है, तो उसे तत्काल हटाया जाये। पार्किंग के लिए जगह छोड़े बिना निर्माण होने पर समय रहते एक्शन लें। इसमें किसी तरह की कोताही नहीं चलेगी। निवास कार्यालय में नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने इस आशय के निर्देश दिये।

- पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने निगम अधिकारियों की ली बैठक

दरअसल, रायपुर पश्चिम विधानसभा में मास्टर प्लान के विरुद्ध किये जा रहे निर्माण, पार्किंग की जगह छोड़े बिना किये जा रहे निर्माण को लेकर विधायक राजेश मूणत ने नगर निगम अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में निगम आयुक्त विश्वदीप, अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल, उपायुक्त दिव्या चंद्रवंशी, डॉ. अंजलि शर्मा, पश्चिम क्षेत्र के जोन आयुक्त और नगर निवेशक आभास मिश्रा मौजूद रहे।

बैठक के दौरान विधायक राजेश मूणत ने अधिकारियों से कहा, नियमों का पालन होना चाहिये। अवैध निर्माण करने वालों के मन में नियम-कानून का डर बना रहना चाहिये। वे किसी का नुकसान करने के पक्षधर नहीं हैं, पर जन सामान्य को परेशानी में डालने वाले निर्माण कार्यों को सहन नहीं करेंगे। श्री मूणत ने कहा कि निगम अधिकारियों का यह दायित्व है कि वे शुरुआती स्थिति में नियम विरुद्ध किये जा रहे निर्माण को रोक दें। इससे न केवल अवैध निर्माण पर रोक लगेगी, बल्कि अवैध निर्माण करने वालों का मनोबल टूटेगा। श्री मूणत ने कहा कि नियमतः मकान बनाते समय सेटबेक छोड़ना जरूरी है, लेकिन कोई नियम का पालन नहीं करना चाहता। अधिकारियों की उदासीनता से यह समस्या विकराल रूप धारण कर रही है। हालत ये है कि हर दूसरे मकान वाले की गाड़ी सड़क पर खड़ी रहती है, ऐसे में सड़क आने-जाने वाले आखिर कहां जायेंगे?

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे आज से ही व्यवस्था सुधारने में लग जायें। मास्टर प्लान के विपरीत निर्माण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें।

डगनिया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का किया निरीक्षण

रायपुर पश्चिम विधायक ने मंगलवार को डगनिया स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि शाला परिसर से लगे क्षेत्र में निजी व्यक्ति निगम द्वारा प्रदत्त सामग्री का उपयोग कर जिम संचालित संचालित कर लोगों से शुल्क वसूल रहा था। श्री मूणत ने इस पर आपत्ति जताते हुये मौके पर मौजूद जोन अधिकारी को निर्देश दिया कि निजी व्यक्ति द्वारा संचालित जिम तुरंत बंद किया जाये। जिम निगम द्वारा संचालित किया जाये। यही नहीं आम जनता के लिए जिम में निःशुल्क प्रवेश की व्यवस्था दें। निरीक्षण के दौरान विधायक राजेश मूणत ने स्कूल में पहले से निर्मित भवन के प्लास्टर कार्य, मरम्मत और नवीनीकरण कराने के निर्देश दिये। । शाला की प्राचार्य ने ध्यान आकर्षित कराते हुये उन्हें बताया कि विद्यालय परिसर में रात्रि में असमाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। श्री मूणत ने संबंधित थाना प्रभारी को विद्यालय परिसर में नियमित रूप से गस्त की कार्यवाही करने निर्देश दिये।

शताब्दी वर्ष में होंगे इस साल कई कार्यक्रम, अभा सभा में बनी योजना

आरएसएस कराएगा अब हर मंडल में हिंदू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंवेसक संघ की बेंगलुरु में हुई अखिल भारतीय सभा में किए गए फैसलों के बारे में यहां पर मध्यक्षेत्र संघचालक पूर्णेंदु सक्सेना और प्रांत सरसंघ चालक टोपलाल वर्मा ने जानकारी साझा की। सभा में अब देशभर में आरएसएस द्वारा हर राज्य में मंडलों में हिंदू सम्मेलन कराने का फैसला किया गया है। छत्तीसगढ़ में भी आरएसएस द्वारा हर मंडल में हिंदू सम्मेसन कराए जाएंगे। आरएसएस का यह वर्ष शताब्दी वर्ष है। इसमें कई कार्यक्रम हर राज्य में होंगे।

श्री सक्सेना ने बताया, विजयादशमी के दिन आरएसएस की स्थापना का शताब्दी वर्ष होगा। इसे संघ एक अवसर के रूप में प्रयोग करेगा। हमारा जो विचार है, उसको समाज तक ले जाने का प्रयास रहेगा। मंडल स्तर पर विजयादशमी के दिन हम लोगों तक पहुंच सके, ऐसी योजना बनी है। एक विस्तृत गृह संपर्क करने की योजना भी बनाई गई है। सभी मंडलों में हिंदू सम्मेलन कराया जाए, ऐसी योजना बन रही है। जिला स्तर पर प्रमुख नागरिकों के साथ परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। हर विमर्श, जो देश को तोड़ने वाला होता है, उसको खत्म करने का प्रयास किया जाएगा। श्री सक्सेना ने बताया, संघ की सर्वोच्च बॉडी, अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की 21 से 23 मार्च तक बेंगलुरु में बैठक हुई।

इसका संचालन दत्तात्रेय होसबोले ने किया। इसमें 40 से ज्यादा संगठनों ने हिस्सा लिया। संघ के कार्य में अभूतपूर्व विकास हुआ है। मार्च 2024 और 2025 के बीच 45600 से बढ़कर 51610 जगहों पर संघ का विस्तार हुआ है। सामाजिक समरसता पर भी समीक्षा हुई।

शताब्दी वर्ष में ये कार्यक्रम होंगे

शताब्दी वर्ष की शुरुआत विजयादशमी 2025 के अवसर पर होगी, जिसमें गणवेश (संघ गणवेश) में स्वयंसेवकों के मंडल, खंड/नगर स्तर के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नवंबर 2025 से जनवरी 2026 तक तीन सप्ताह तक बड़े पैमाने पर घर-घर संपर्क अभियान की योजना बनाई गई है, जिसका विषय हर गांव, हर बस्ती, घर-घर होगा। संपर्क के दौरान संघ साहित्य वितरित किया जाएगा और स्थानीय इकाइयों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी मंडलों और बस्तियों में हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, जिसमें बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक के जीवन में एकता और सद्भाव, राष्ट्र के विकास में सभी का योगदान और पंच परिवर्तन में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी, का संदेश दिया जाएगा। खंड/नगर स्तर पर सामाजिक सद्भाव बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिसमें एक साथ मिलकर रहने पर बल दिया जाएगा। इन बैठकों का उद्देश्य सांस्कृतिक आधार और हिन्दू चरित्र को खोए बिना आधुनिक जीवन जीने का संदेश देना होगा।

संघ बांग्लादेश के हिंदुओं के साथ

श्री सक्सेना ने कहा, बांग्लादेश में हाल ही में हुए तख्तापलट के बाद अन्य अल्पसंख्यकों के साथ हिन्दुओं की स्थिति और कठिन हो गई है। नृशंस हत्याएं, महिलाओं के अपहरण और मतांतरण की घटनाएं सामने आ रहीं हैं। यह मानवाधिकार का हनन है। हिंदुओं के साथ-साथ अन्य अल्पसंख्यक भी इससे प्रताड़ित हैं। संघ ने ऐसे समय में बांग्लादेश के हिंदुओं के साथ एक साथ खड़े रहने का प्रस्ताव पारित किया है। श्री सक्सेना ने बैठक में बांग्लादेश के मुद्दे पर हुई चर्चा की जानकारी देते हुए बताया कि बांग्लादेश में निरंतर बढ़ती जनसंख्या घट गई है, यह चिंता का विषय है। बांग्लादेश से आ रहे वक्तव्य दोनों देशों के बीच मतभेद पैदा कर रहे हैं। एक जगह पर हुई उथल-पुथल अन्य जगहों को भी प्रभावित करती है। बांग्लादेश के हिंदू समाज ने लोकतांत्रिक तरीके से विरोध किया है। विश्व भर के हिंदू समाज ने उन्हें समर्थन किया है। विश्व भर के अनेक नेताओं ने अपने स्तर पर इसे उठाया है। उन्होंने बताया, प्रतिनिधि सभा ने भारत सरकार से अनुरोध किया है कि वहां के हिंदुओं की सुरक्षा के लिए उनके अधिकारों के लिए वहां की सरकार से बातचीत करे। वहां की सरकार पर दबाव बनाकर बातचीत करेष सभी हिन्दू संगठन एक साथ होकर इसके खिलाफ आवाज उठाए।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान की परीक्षा 9 अप्रैल से

रायपुर। राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान की माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम की अप्रैल-मई 25 सैद्धांतिक परीक्षा 9 अप्रैल से प्रारंभ हो रही है, जिसकी सैद्धांतिक परीक्षाओं की तिथियां राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान की वेबसाइट www.nios.ac.in एवं https://sdmis.nios.ac.in पर उपलब्ध हैं। परीक्षार्थी प्रवेशपत्र वेबसाइट पर दिए गए लिंक से डाउनलोड कर सकते हैं या स्टूडेंट लॉग इन से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

निधन

खेमचंद असवानी

रायपुर। सिविल लाइन निवासी खेमचंद असवानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 26 मार्च बुधवार को सुबह 11 बजे निवास स्थान से न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे राजेश, नरेश असवानी के पिता थे।

एम. नारायण राव

रायपुर। शिवानंद नगर निवासी सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी एम. नारायण राव का 25 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार खमतराई मुक्तिधाम में 26 मार्च को सुबह 11.30 बजे किया जाएगा।

सुखदेव राम कोरेटी

रायपुर। दल्लीराजहरा जिला बालोद के ग्राम बारसा टोला निवासी जनसंपर्क विभाग के सेवानिवृत्त अपर संचालक सुखदेव राम कोरेटी का 25 मार्च को रायपुर में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 मार्च को सुबह 11 बजे उनके गृहग्राम में किया जाएगा। वे जयमो कोरेटी के पति और संतोष कोरेटी, विनोद कोरेटी, संदीप कोरेटी एवं बिंदेश्वरी मरकाम के पिता थे।

हाजी शहाबुद्दीन मुल्लाजी

रायपुर। फखरे छत्तीसगढ़ कमेटी के सरपरस्त हाजी गुलाम शहाबुद्दीन अशरफी मुल्लाजी (78) का निधन हो गया। उनकी मैय्यत बुधवार को कमल विहार से दोपहर 1 बजे हजरत फतेह शाह मस्जिद के लिए निकलेगी, फिर बाद नमाज जोहर मौदहापारा कब्रिस्तान ले जाई जाएगी। जनाजे की नमाज मौदहापारा कब्रिस्तान में होगी। वे हाजी गुलाम मोहिउद्दीन, हाजी गुलाम रियाजुद्दीन और हाजी गुलाम कुतुबुद्दीन के पिता थे।

बढ़ती गर्मी के साथ हीट स्ट्रोक पर स्वास्थ्य विभाग का अलर्ट, सरकारी अस्पतालों के लिए गाइडलाइन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अप्रैल-मई में प्रदेश में पड़ने वाली गर्मी को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा तमाम सरकारी अस्पतालों को लू प्रबंधन पर गाइड लाइन जारी कर दी गई है। उन्हें ओपीडी में आने वाले मरीजों को पर्याप्त बैठक व्यवस्था और ठंडे पेयजल का इंतजाम रखने कहा गया है। हीट स्ट्रोक के शिकार होने वालों के लिए अस्पताल में दो बेड रिजर्व रखने और लक्षण के आधार पर उनका इलाज करने की हिदायत दी गई है। संपूर्ण विश्व में जलवायु परिवर्तन के कारण औसत तापमान में बढ़ोतरी हुई है।

इसके साथ ही मौसम विभाग द्वारा इस बार अप्रैल और मई के महीने में सामान्य से अधिक तापमान रहने यानी गर्मी पड़ने की संभावना जताई गई है। गर्मी बढ़ने के बाद थोड़ी असावधानी से डिहाईड्रेशन और लू लगने की शिकायत बढ़ जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य संचालनालय की ओर से तमाम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और जिला अस्पताल के सिविल सर्जन को ऐसे प्रभावितों के उपचार को लेकर गाइड लाइन जारी की गई है। तमाम अस्पतालों को इस बात की हिदायत दी गई है कि ब्राह्य रोग विभाग में आने वाले मरीजों की बैठक का पर्याप्त इंतजाम हो, उन्हें अपनी बारी आने के लिए बाहर खड़े होकर इंतजार नहीं करना पड़े। इसके साथ ही ठंडे पेयजल की व्यवस्था हो।

अगले महीने से गर्मी तेज होने के साथ लू लगने की समस्याएं बढ़ सकती हैं। इसके लिए प्रत्येक अस्पताल में दो बेड का इंतजाम किया जाए, जहां कूलर अथवा एसी की पर्याप्त व्यवस्था हो, ओआरएस सेंटर बनाने के साथ आने वाले मरीजों के लक्षण के आधार पर इलाज किया जाए।

ओपीडी में मरीजों के लिए उचित बैठक और ठंडे पेयजल की व्यवस्था रखने के निर्देश

मरीजों को जागरूक करने के निर्देश

गर्मी के दिनों में इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों में मरीज लंबा सफर तय कर पहुंचते हैं। ऐसे मरीजों के लू से बचाव के बारे में जरूरी जानकारी दी जाए। अस्पताल में शिकायत के आधार पर अन्य समस्या के साथ लू संबंधी जांच भी की जाए। इसके साथ ही उन्हें लू लगने पर इससे बचाव के तरीके के बारे में भी बताया जाए। विभाग द्वारा आम लोगों को भी इस समस्या से बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील की गई है।

हीट-स्ट्रोक के बताए गए लक्षण

- सिर में भारीपन अथवा दर्द का अनुभव होना, मुंह का सूखना।
- तेज बुखार, चक्कर अथवा उल्टी आना, शरीर में दर्द।
- शरीर गर्म होने के बाद भी पसीना नहीं आना, प्यास और भूख कम लगना।

अन्य संक्रामक बीमारियों के लिए इंतजाम

गर्मी के दिनों लू के साथ विभिन्न मौसमी संबंधी बीमारियां भी पांव पसारती है। इसकी रोकथाम के लिए जिला स्तर पर सूचना स्त्रोत को पुख्ता करने कहा गया है। शिकायत मिलने पर प्रभावित क्षेत्र में चिकित्सकीय टीम भेजकर जांच कराने सक्रिय रहने कहा गया है। गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों से निपटने के लिए जिला अस्पताल से लेकर अन्य स्वास्थ्य केंद्र में दवाओं का पर्याप्त स्टॉक, ओआरएस के पावडर, ग्लूकोज के फ्लूड रखने कहा गया है।

प्रशासन की लापरवाही, जनता के पैसों की बर्बादी

एसपी कार्यालय खाली नहीं कर पाए, इसलिए कम्पोजिट बिल्डिंग का निर्माण 3 करोड़ महंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट परिसर में पांच मंजिल नई कम्पोजिट बिल्डिंग के निर्माण में अब शासन को करीब तीन करोड़ रुपए अधिक राशि खर्च करना होगा। इस कम्पोजिट बिल्डिंग के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माण एजेंसी को टेंडर दिए लगभग डेढ़ वर्ष से अधिक समय हो चुका है। इसके बाद भी अब तक बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। हालांकि निर्माण कार्य शुरू नहीं किए जाने का कारण सिर्फ एसपी कार्यालय है, जिसकी अभी तक शिफ्टिंग नहीं हो पाई है। कम्पोजिट बिल्डिंग को एसपी भवन की जमीन पर ही बनाया जाना है। ऐसे में एजेंसी तभी काम शुरू कर पाएगी, जब एसपी कार्यालय खाली होगा। इतने लंबे समय से एसपी कार्यालय को आखिर शिफ्ट क्यों नहीं किया गया है, इसके जवाब में प्रशासनिक अधिकारी यही कहते आ रहे हैं कि शिफ्टिंग के लिए भवन फाइनल नहीं हो पाया है।

कलेक्टोरेट-एसएसएपी की कम्पोजिट बिल्डिंग के निर्माण कार्य को स्वीकृति अप्रैल 2023 में दी गई थी। इस बिल्डिंग की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी विभाग को दी गई है। विभाग ने स्वीकृति मिलने के दो महीने के भीतर ही बिल्डिंग के निर्माण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया से लेकर डिजाइन सब कुछ तैयार कर लिया था, बावजूद बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है।

10 प्रतिशत अतिरिक्त खर्च, शासन को 3 करोड़ का नुकसान

कलेक्टोरेट कम्पोजिट बिल्डिंग का निर्माण 29 करोड़ 15 लाख 24 हजार रुपए में होना था, लेकिन इस कार्य का टेंडर हुए करीब डेढ़ वर्ष हो चुका है। कंस्ट्रक्शन का काम कोई भी एक साल के बाद भवन के निर्माण में लगने वाली सारी चीजों की कीमत भी बढ़ जाती हैं, जिसके कारण अनुमान लगाया जा रहा है कि बिल्डिंग के निर्माण में भी लगभग 10 प्रतिशत अधिक राशि लगेगी। इस तरह बिल्डिंग निर्माण में करीबन 3 करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यय आएगा, जिससे शासन को नुकसान होगा।

कांग्रेस के शासनकाल में मिली थी स्वीकृति

कम्पोजिटि बिल्डिंग के निर्माण के लिए तत्कालीन कांग्रेस शासनकाल में अप्रैल 2023 में बजट को स्वीकृति दी गई थी। इस स्वीकृति के बाद से ही कलेक्टोरेट की कम्पोजिट बिल्डिंग के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग ने डिजाइन तैयार करने से लेकर टेंडर निकाला गया था। टेंडर निकालने के बाद निर्माण एजेंसी को 29 करोड़ 15 लाख 24 हजार में इसका ठेका दिया गया था। उस समय पीडब्ल्यूडी विभाग में ईई हेमंत अरोरा थे, जिनका अब ट्रांसफर हो चुका है। हेमंत अरोरा के रहते ही बिल्डिंग की डिजाइन से लेकर टेंडर की प्रक्रिया पूरी कराई गई थी। इससे पहले कि बिल्डिंग का निर्माण की कार्यवाही शुरू हो पाती विधानसभा चुनाव 2023 की घोषणा के साथ आचार संहिता लागू हो गई, जिसके कारण बिल्डिंग का निर्माण कार्य अटक गया। विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में भाजपा सरकार काबिज हुई। इस कारण दूसरे कई पेंडिंग कार्यों सहित कम्पोजिट बिल्डिंग कार्य के लिए प्रशासन को दोबारा वित्त विभाग से अनुमति लेना पड़ा। हालांकि अनुमति मिलने से पहले लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा हो गई। इस कारण फिर आचार संहिता लगने से बिल्डिंग का कार्य कुछ महीने अटका रहा। इस चुनाव के बाद वित्त विभाग से कार्य को अनुमति मिली, लेकिन बारिश का सीजन शुरू हो गया। इसके बाद कई महीनों तक एसपी भवन की शिफ्टिंग नहीं होने से इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है, जो नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव खत्म होने के बाद भी अटका हुआ है।

सेंट्रल जेल ऑफिस-सागौन बंगला के बाद कटोरा तालाब स्थित भवन को किया है चिन्हांकित

एसएसपी भवन को शिफ्ट करने के लिए अब तक तीन भवनों को चिन्हांकित किए जा चुके हैं। इनमें सबसे पहले रायपुर सेंट्रल जेल स्थित पुलिस ऑफिस के भवन को चिन्हांकित किया था। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय अजीत जोगी के नाम पर पूर्व में अलॉट हुए कटोरा तालाब स्थित सागोन बंगला को चिन्हांकित किया गया था, लेकिन दोनों भवन को मंजूरी नहीं मिल पाई। इसके बाद कटोरा तालाब स्थित नीर भवन से लगे बंगले को चिन्हांकित किया गया है, लेकिन एसपी भवन को अभी तक यहां भी शिफ्ट नहीं किया है।

सब्जी खरीदने के दौरान मोलभाव करने की बात पर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सब्जी खरीदी करने के दौरान मोलभाव करना एक युवक को महंगा पड़ा। उसे अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। सब्जी विक्रेता ने इस बात पर युवक से पहले विवाद कर मारपीट की, इसके बाद उसे उठाकर सिर के भार जमीन पर पटक दिया, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट लगने से उसकी अस्पताल में मौत हो गई। मामले का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हुआ। पुलिस ने इसके बाद आरोपी को हत्या के अपराध में गिरफ्तार किया है।

खमतराई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना 22 मार्च की है। मृतक का नाम कामाख्या नारायण सिंह 50 वर्ष निवासी सरोरा रोड उरला था। मूलतः वह ग्राम धोबाही थाना अमनौर जिला छपरा बिहार का रहने वाला था। घटना के दिन वह सब्जी की खरीदारी करने के लिए बंजारी मंदिर के बाजू सब्जी बाजार गया था। यहां वह आरोपी रेशम ढीमर उर्फ गोलू उर्फ भोलू 28 वर्ष की दुकान पहुंचा। रेशम पिथौरा वर्तमान में काली मंदिर के पास उरला में रहता है, पर मूलतः वह पिथौरा महासमुंद का रहने वाला है। सब्जी खरीदी करने के दौरान कामाख्या सब्जी की कीमत ज्यादा बताए जाने पर मोलभाव करने लगा।

इस बात पर रेशम को गुस्सा आ गया और विवाद करते हुए उसके साथ गाली-गलौज कर करने लगा। बताया जा रहा है कि कामाख्या ने जब इसका विरोध किया, तो वह मारपीट करते हुए उसके गले को दाहिने हाथ से दबाकर जमीन पर पटक दिया। इससे रेशम के सिर पर गंभीर चोट लगी, जिसे तत्काल उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल पहुंचने पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसकी रिपोर्ट में उसकी मौत का कारण सिर पर चोट लगने से होना उल्लेख किया गया। पुलिस ने इस रिपोर्ट के आधार पर आरोपी सब्जी विक्रेता के खिलाफ धारा 103 (1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मंगलवार को उसे गिरफ्तार किया है।

पेज 11 के शेष ...

चैत्र नवरात्रि में डोंगरगढ़...

हर 2 से 3 घंटे के अंतराल में यात्रियों को ट्रेन मिलेगी। 9 लोकल ट्रेन की सुविधा रहेगी। डोंगरगढ़ में मंडल और जोन की ट्रेन रुकेगी। **फलाहारी में नए व्यंजन हुए शामिल** : उपवास रखने वाले यात्रियों के लिए आईआरसीटीसी ने इस बार फलाहारी व्यंजनों की संख्या बढ़ा दी है। फल और आलू की सब्जी के साथ इस बार यात्री कुट्टू के आटा से बने व्यंजन, साबूदाना की खिचड़ी, सूखे मखाने, साबूदाना मूंगफली नमकीन, आलू की टिक्की, जीरा आलू, फ्रेंच फ्राइज, साबूदाना बड़ा, फलाहारी चूड़ा, फलाहारी, थाली, मलाई बर्फी, रसमलाई, मिल्क केक, सादी बर्फी, लस्सी, दही की व्यवस्था रहेगी। अधिकारियों का कहना है कि व्रत का भोजन बनाने में शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

अफसरों पर भड़कीं...

मिला। मंगलवार सुबह महापौर मीनल चौबे बूढ़ातालाब में बनाई जा रही चौपाटी का निरीक्षण करने निगम आयुक्त विश्वदीप के साथ पहुंचीं। स्थल निरीक्षण के बाद उन्होंने स्मार्ट सिटी और पर्यटन मंडल के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। महापौर ने उन्हें कहा, चौपाटी का काम तुरंत बंद किया जाये। पाथवे लोगों के चलने की जगह है। शहर के ऐतिहासिक धरोहर के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। दरअसल, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल से अनुबंधित एजेंसी बूढ़ातालाब के पाथवे वाली जगह को घेरकर चौपाटी खोल रही है। इसके लिए 17 लोहे के बड़े कंटेनर खड़े किये गये हैं। इस कंटेनर में 85 दुकानें रहेंगी। यानी पाथवे के सामने लोगों के चलने की जगह पर टेबल कुर्सी लगाकर ग्राहकों को खाने का सामान परोसा जायेगा। इतना ही नहीं, दानी स्कूल और डिग्री कालेज के एंट्री पाइंट वाले हिस्से के सामने रूफ टॉप कैफे खोला जा रहा है। इससे छात्राओं की निजता खतरे में है। इस बात को लेकर स्थानीय रहवासियों में भारी नाराजगी है कि ठेका एजेंसी तालाब को पूरी तरह खत्म कर इसे सिर्फ व्यावसायिक लाभ का केंद्र बना रही है। सबसे अधिक विरोध इस बात को लेकर हो रहा है कि टूरिज्म बोर्ड और एजेंसी के बीच हुए समझौते में चौपाटी में शराब बिक्री की अनुमति की भी चर्चा है। चौपाटी का विरोध करने वालों का कहना है कि यह न केवल तालाब की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता को नुकसान पहुंचाएगा, बल्कि आसपास के शैक्षणिक संस्थानों पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। महापौर मीनल चौबे ने इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा, पर्यटन विभाग का उद्देश्य शहर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण करना होता हैं, न कि उनका व्यवसायीकरण कर मुनाफा कमाना। एजेंसी द्वारा विभाग के अधिकारियों की आंखों में धूल झोंक कर मनमानी की आशंका है। शहर हमारा है, दानी स्कूल शहर की बेटियों का पुरातन स्कूल है, जहां अच्छी शिक्षा और संस्कार दिये जाते हैं। मीनल चौबे ने कहा स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों की मांग है कि पर्यटन विभाग इस योजना की पुनर्समीक्षा करे और बूढ़ा तालाब की पारंपरिक और ऐतिहासिक पहचान को संरक्षित रखा जाए।

सिस्टम कमजोर होते ही...

राजधानी में महसूस हुआ। यहां का अधिकतम तापमान सोमवार की तुलना में एक डिग्री अधिक रहा। दोपहर में तेज धूप प्रभावी रहा अगले चौबीस घंटे में इसमें और वृद्धि होने का अनुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों का अनुमान है कि अभी मौसम शुष्क रहेगा। अधिकतम तापमान में वृद्धि का दौर जारी रहेगा और अगले तीन दिनों में पारा 2 से 3 डिग्री सेल्सियस बढ़ने का अनुमान है।

छुट्टी के दिन भी...

विभागों के लिए रहा। क्लोजिंग महीना होने के कारण प्रदेशभर में पंजीयन कार्यालयों को 31 मार्च तक पड़ने वाले अवकाश के दिनों में खोले जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा कार्यालय का समय भी मार्च तक बढ़ाकर सुबह 10 बजे से रात 7 बजे किया गया है। यही कारण है कि पंजीयन कार्यालय में सुबह से रात 7 बजे तक रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ रही।

उच्च शिक्षा विभाग का...

के आधार पर कमेटी बनाई गई थी। कमेटी ने अपनी जांच में क्लर्क को दोषी पाया था। हरिभूमि ने यह खबर प्रमुखता के साथ प्रकाशित की थी। इसके बाद उच्च शिक्षा विभाग के अपर संचालक द्वारा सरस्वती नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। दर्ज एफआईआर के आधार पर कार्रवाई करते हुए क्लर्क को गिरफ्तार कर लिया गया है।

छात्रों के साथ अभिभावकों...

दी जाएगी स्कॉलरशिप की जानकारी_ इस गाइडबुक में पैरेंट्स के लिए कई बातें बताई गई हैं, जो उनके बच्चों के कॅरियर में मदद कर सकती है। किताब में विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी, कौन-सा करियर किस तरह के स्टूडेंट्स के लिए सही है, कॉलेज और कोर्स के चयन में किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, स्कॉलरशिप और एजूकेशन लोन की जानकारी, सरकारी और प्राइवेट सेक्टर में नौकरी की संभावनाएं आदि शामिल हैं।

स्वाभिमान व सांस्कृतिक धरोहर को मिला नया आयाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की धरती आज एक ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनी, जब भक्त माता कर्मा की 1009वीं जयंती के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित कर्माधाम परिसर में माता कर्मा को समर्पित डाक टिकट का भव्य विमोचन किया। यह डाक टिकट न केवल श्रद्धा की प्रतीक माता कर्मा के त्याग और समर्पण को अमर करता है, बल्कि साहू समाज के गौरवपूर्ण इतिहास और सांस्कृतिक परंपरा को भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर भक्त माता कर्मा मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की। उन्होंने आदर्श विवाह समारोह में शामिल नव दंपती को आशीर्वाद देते हुए समाज की एकजुटता और संस्कारशीलता की सराहना की।

- सीएम ने भक्त माता कर्मा की 1009वीं जयंती पर किया ऐतिहासिक डाक टिकट का विमोचन

मुख्यमंत्री ने कहा भक्त माता कर्मा का जीवन निष्ठा, बलिदान और भक्ति की मिसाल है। डाक टिकट के माध्यम से उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाना, भावी पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बनेगा। साहू समाज ने हमेशा मुझे अपार स्नेह दिया है और मैं समाज की इस ऐतिहासिक मांग को स्वीकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि राजिम माता की मूर्ति स्थापना सहित अन्य विकास कार्यों के लिए पूर्व में घोषित 5 करोड़ रुपए की राशि अब बजट में शामिल कर दी गई है, जिससे समाज के धार्मिक स्थलों के विकास को नई गति मिलेगी।

केंद्रीय मंत्री साहू भी हुए शामिल

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने डाक टिकट विमोचन को तैलिक समाज के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा यह डाक टिकट एक प्रतीक नहीं, बल्कि माता कर्मा के संघर्ष, सेवा और त्याग की राष्ट्रीय मान्यता है। समारोह में छत्तीसगढ़ साहू समाज के अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने स्वागत उद्बोधन दिया। संत माता कर्मा आश्रम शक्तिपीठ रायपुर को सामाजिक योगदान के लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से सम्मानित किया गया, जो पूरे समाज के लिए गौरव का विषय है। कार्यक्रम में विधायक मोतीलाल साहू, पवन साय, विधायक दीपेश साहू, विधायक संदीप साहू, डाक सेवाएं निदेशक दिनेश मिस्त्री सहित साहू समाज के अनेक प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

वार्डवासियों और भाजपा समर्थकों ने मनाई माता कर्मा जयंती

वार्ड क्रमांक 67 के भक्त माता कर्मा वार्ड में मंगलवार को वार्डवासियों और भाजपा समर्थकों ने धूमधाम से माता कर्मा जयंती मनाई गई। यह कार्यक्रम पार्षद ममता सोनू तिवारी के नेतृत्व में किया गया। इसी दौरान भक्त माता कर्मा की फोटो की पूजा-अर्चना की और प्रसाद वितरित किया गया। इसी दौरान वार्डवासियों की पुरानी मांग के अंतर्गत वार्ड का नाम भक्त माता कर्मा वार्ड होने के बावजूद क्षेत्र में माता कर्मा की एक भी मूर्ति नहीं होने से संबंधित परेशानी की ओर पार्षद ममता सोनू तिवारी ने ध्यानाकर्षण कराया और कार्यक्रम में शामिल हुए नागरिकों के वादा किया कि समुचित स्थान को चिन्हित करने के बाद वहां पर माता कर्मा की सुंदर प्रतिमा का अनावरण पूरे सम्मान के साथ किया जाएगा।

पार्षद पुष्पा साहू का किया सम्मान

भक्ति माता कर्मा जयंती पर हरदिहा साहू समाज रायपुर द्वारा निगम चुनाव में भारी मतों से विजयी हुए समाज के सभी पार्षदों का सम्मान किया, जिसमें नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड क्रमांक 31 की पार्षद पुष्पा रोहित साहू को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर हरदिहा साहू समाज के संरक्षक एवं पूर्व विधायक नंदे साहू के साथ समाज के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

न्यायालय तहसीलदार अभनपुर
मामले की श्रेणी: राजस्व
संदर्भ:- जिला रायपुर तहसील अभनपुर प.ह.न. - 00013 सिवनी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD202425441631500028

ईश्तहार

तहसील अभनपुर के प.ह.न. 00013 के अंतर्गत ग्राम सिवनी के वर्तमान भूमिस्वामी रघुराजसिंह पिता/पति-पि. प्रेमसिंह पता सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 635/1(0.1570), 635/3 (0.4170) में प्रस्तावित भूमिस्वामी / क्रेता शिवा सिंह ठाकुर पिता/पति गणेश सिंह ठाकुर पता ग्राम सिवनी तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 03/04/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार अभनपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/03/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
मुहर RAMPRASAD BAGHEL
तहसील अभनपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //
रा.प्र.क्रमांक./202503115600031/अ-6/2024-25
रायपुर, दिनांक 18.03.2025
ग्राम गुढ़ियारी, प.ह.नं.-23, तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अर्चना पति श्री संतोष कुमार निवासी जखेला हमीर कुरारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम भाठागांव प.ह.नं. 60 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 792/14 का भाग रकबा 571 वर्गफुट भूमि को विक्रेता विष्णु देवांगन पिता हेमलाल देवांगन निवासी बजरंग चौक, मठपुरैना रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 19.01.2024 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अतः उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक अपना नाम भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु निवदेन किया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 09.04.2025 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 09.04.2025 को इस न्यायायल में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-11 (टिकरापारा) तहसील व जिला रायपुर
सीमांकन के संबंध में आम सूचना
दिनांक / /2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कुसुमलता साहू पिता सुंदरलाल साहू निवासी महामाया सरोरा वार्ड नंबर 32 सरोरा रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम अमलीडीह प.ह.न 69 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-11 (टिकरापारा) स्थित भूमि खसरा नंबर 205/33 रकबा 0.0093 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्र./ वाचक/ नायब तह. /वर्ष 2025 रायपुर के आदेश दिनांक 08/03/2025 के परिपालन में दिनांक 17.04.2025 को समय 12 बजे पश्चात किया जाना है।

अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक / समय तक पटवारी हल्का नंबर 69 के अमलीडीह स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जाने।
राजस्व निरीक्षक
रायपुर-11 टिकरापारा

शपथ पत्र

मैं नितिन जांगडे उम्र 25 वर्ष पिता श्री हेमंत जांगडे निवासी ग्राम सिवनी पो. गोढी ब्लॉक आरंग तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि :-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य व सही है।
2. यह कि समस्त शैक्षणिक दस्तावेजो में मेरा नाम नितिन अंकित है किन्तु मेरा सरनेम दर्ज नहीं है। फोटो प्रति संलग्न है।
3. यह कि अन्य दस्तावेजो जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस इत्यादि में मेरा पूरा नाम नितिन जांगडे अंकित है। फोटो प्रति संलग्न है।
4. यह कि नितिन जांगडे एवं नितिन दोनो एक ही व्यक्ति अर्थात मै स्वयं शपथकर्ता ही हूँ। इसलिये यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के सक्षम प्रस्तुत कर रहा हूँ।

शपथकर्ता

सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यनिष्ठा से सत्यापित करता हूँ कि इस शपथ पत्र की कंडिका क्रमांक 01 से 04 के कथन मेरी जानकारी में सत्य व सही है एवं आज दिनांक को स्थान रायपुर छ.ग. में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 07.02.2025 शपथकर्ता

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, रायपुर (छ.ग.)
शपथ पत्र

मैं पुष्पा देवी बजाज, पति स्व. श्री हीरालाल बजाज, उम्र 67 वर्ष, निवासी- रमन मंदिर फाफाडीह, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि :-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि, मेरे स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि स्वामी हक की परिवर्तित भूमि में आवासीय कालोनी अविनाश केपीटल होम्स में स्थित भूखंड क्रमांक- 99 रकबा 1250 वर्गफुट याने कि 116.13 वर्गमीटर जो खसरा नं. 138/3 का भाग में स्थित है जिस पर भूतल पर 750 वर्गफुट याने कि 69.68 वर्गमीटर एवं प्रथम तल पर 812 वर्गफुट याने 75.48 वर्गमीटर पर निर्मित डुप्लेक्स मकान बना हुआ है तथा शेष खुली भूमि है जो कि वाके मौजा सड्डू वार्ड क्रं. 26, कुशाभाउ ठाकरे वार्ड प.ह.नं 39, रा.नि.मं. रायपुर, तह. व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है। यह कि, उक्त विक्रय विलेख का रजिस्ट्री दिनांक 31/03/2017

खबर संक्षेप

मुरली अध्यक्ष, श्रीनिवास आंध्रा ब्राह्मण समाज के उपाध्यक्ष

रायपुर। देवेंद्र नगर स्थित श्री बालाजी विद्या मंदिर में विगत दिनों आंध्रा ब्राह्मण समाजजन छत्तीसगढ़ रायपुर के कार्यकारिणी समिति का चुनाव हुआ। उल्लेखनीय है कि पहली बार गुप्त मतदान द्वारा चुनाव कराया गया, जिसमें समाज के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अध्यक्ष पद के लिए आर. मुरली लगातार तीसरी बार चुने गए, जिन्होंने अपने प्रतिद्वंदी को 102 मतों से पराजित किया। नई कार्यकारिणी समिति में अध्यक्ष आर. मुरली, उपाध्यक्ष एके श्रीनिवास मूर्ति और वेणुगोपाल को चुना गया। इसी प्रकार सचिव डी. श्रीनिवास राव, कोषाध्यक्ष सीसाई गोपाल, सहसचिव जेवी प्रसाद और के. श्रीनिवास एवं कार्यकारिणी सदस्य 7 पदों के लिए सीएसएन मूर्ति, टी. रामचंद्र राव, पी. रविशंकर, पी. चंद्रशेखर, ए. श्रीदेवी, एन. हनुमंत राव, ए. श्रीनिवास, चुनाव समिति के सदस्य सी. मोतीसागर, वायवी शंकर एवं डी. जगन्नाथ चुने गए।

भारतीय संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा देता है होली पर्व

रायपुर। राजधानी रायपुर में श्री नामदेव समाज विकास परिषद जिला शाखा रायपुर द्वारा होली मिलन समारोह का रंगारंग कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम टिकरापारा स्थित सरजू गार्डन की सामने सामुदायिक भवन में हुआ। कार्यक्रम में राजधानी रायपुर सहित जिले के सभी नामदेव समाज के सामाजिक बंधु शामिल हुए। कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से शुरू होकर शाम 7 बजे तक चला। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम संत शिरोमणि नामदेवजी महाराज की पूजा-अर्चना की गई, उसके बाद सामाजिक चर्चा के साथ होली मिलन का कार्यक्रम हुआ।

एडवांस में स्लीपर की तरह अब एसी कोच की बुकिंग, यात्री खड़े होकर सफर करने को तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

तेज गर्मी में ट्रेन से सफर करने अब यात्रियों की प्राथमिकता एसी कोच बन गया है। अब स्लीपर की तरह थर्ड एसी और इकोनॉमी कोच में कन्फर्म टिकट तेजी से एडवांस बुकिंग हो रही है। इस वजह से अब एसी कोच में स्लीपर की तरह वेटिंग में भी सफर करने को तैयार हैं। हरिभूमि टीम ने मंगलवार को स्टेशन में एसी कोच के साथ एडवांस बुकिंग की पड़ताल की, तो पता चला कि भीड़ व गर्मी से बचने रायपुर से दुर्ग के लिए कई स्लीपर कोच के यात्री भी एसी कोच में चढ़ने लगे हैं। टीटीई ने बताया कि रोजाना ऐसे यात्रियों पर चालानी कार्रवाई कर एसी कोच से बाहर किया जा रहा है। आमतौर पर एसी कोच के यात्री पूरा पैसा देने के बाद वेटिंग टिकट से सफर नहीं करते, लेकिन गर्मी के कारण ठसाठस भीड़ में भी सफर करने को तैयार हैं। इस वजह से एसी कोच में स्लीपर जैसी भीड़ देखने को मिली रही है।

हर महीने हजार यात्रियों पर कार्रवाई

स्लीपर के साथ एसी कोच में भी बिना टिकट के यात्रियों की संख्या बीते तीन महीनों में बढ़ी है। एसी कोच में हर महीने हजार यात्रियों पर कार्रवाई की जा रही है। महीने में लाखों रुपए रेलवे का राजस्व केवल बेटिकट यात्री बढ़ा रहे हैं। एसी कोच में भीड़ को नियंत्रित करने रेलवे को लगातार शिकायतें मिल रही हैं।

गर्मी में एसी कोच में सफर करना यात्रियों की प्राथमिकता

इकॉनॉमी कोच में चढ़ने और उतरने में मशक्कत

रेलवे ने लंबी दूरी की ट्रेनों में थर्ड एसी से कम किराए वाला इकोनॉमी एसी कोच लगाया है, जिसमें इन दिनों भारी भीड़ देखने को मिल रही है। इन कोच में यात्रियों को चढ़ने और उतरने के साथ सफर करने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, संपर्क क्रांति, गीतांजलि के इकोनॉमी कोच में 10 से अधिक यात्री खड़े होकर सफर कर रहे थे। यह स्थिति आमतौर पर हर गर्मी में बनती है। छत्तीसगढ़ और संपर्क क्रांति में कम दूरी का सफर वेटिंग में करते यात्री दिखे। स्लीपर की तरह एसी कोच में यात्री खड़े नजर आए।

खड़े होकर घंटों कर रहे सफर

एसी कोच में कंफर्म टिकट नहीं मिलने से अब यात्री खड़े होकर सफर करने लगे हैं। स्लीपर जैसा यात्रियों का दबाव एसी कोच में देखने को मिल रहा है। गरीब रथ, राजधानी एक्सप्रेस में भी वेटिंग 50 से अधिक पहुंच रही है। बाकी एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रियों को एसी कोच में भीड़ का सामना करना पड़ा रहा है। रेलवे द्वारा अतिरिक्त कोच लगाने का फायदा भी यात्रियों को नहीं मिल रहा है।

दिल का इलाज करने वाले एकमात्र सरकारी अस्पताल से मरीज निराश, बिना सर्जरी लौट रहे

ढाई साल में नहीं बन पाया नया ऑपरेशन थिएटर, उधर पुराने में भी सर्जरी हो गई बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हृदय संबंधी बीमारियों के इलाज करने वाले एकमात्र आंबेडकर अस्पताल के कार्डियक सर्जरी विभाग का ऑपरेशन थियेटर ढाई साल में नहीं बन पाया है। उधर आवश्यक सामान की सप्लाई नहीं होने की वजह से पुराने ओटी में ओपन हार्ट, बाईपास जैसी सर्जरी बंद हो गई है। पुराना भुगतान अटकने से वेंडरों ने सामान सप्लाई से इनकार कर दिया और सर्जरी के भर्ती मरीज निराश होकर लौट रहे हैं।

- भुगतान अटकने से वेंडरों ने सामान सप्लाई से किया इनकार, बाईपास, ओपन हार्ट सर्जरी बंद

कार्डियक सर्जरी विभाग में ज्यादा से ज्यादा ऑपरेशन कर मरीजों को राहत देने आधुनिक सुविधाओं वाले दो ऑपरेशन थियेटर करीब दो करोड़ की लागत से बनाने की योजना बनाई गई थी। राशि मिलने के बाद सीजीएमएससी द्वारा काम शुरू किया गया, जो ढाई साल बाद भी ढांचा खड़ा होने से आगे नहीं बढ़ पाया है। यहां के इंटीरियर वर्क और अन्य सामान की उपलब्धता के लिए अब तक किसी तरह की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। विभाग के चिकित्सक पुराने एक ऑपरेशन थियेटर में सर्जरी कर रहे थे, वो भी काफी

समय से बंद पड़ा है। आंबेडकर अस्पताल के कार्डियक सर्जरी विभाग में भारी दबाव के चलते कुछ समय पहले आंबेडकर अस्पताल के कार्डियक सर्जरी विभाग में बाईपास सर्जरी शुरू कर काफी वाहवाही बटोरी गई थी। इसके बाद करीब आठ महीने से बंद ओपन हार्ट सर्जरी को ले देकर चालू करवाया गया था। बाईपास का दूसरा नंबर नहीं आया और ओपन हार्ट की कुछ एक सर्जरी होने के बाद मामला ठंडा पड़ गया। इसकी प्रमुख वजह में एबीजी किट सहित अन्य जरूरी सामानों की सप्लाई बाधित होना है। सूत्रों के अनुसार अस्पताल प्रबंधन द्वारा सर्जरी से संबंधित आवश्यक सामान सप्लाई करने वाले वेंडरों को पुराना भुगतान नहीं किया जाना है। वेंडरों ने इसकी वजह से हाथ खड़े कर दिए हैं जिसका सीधा असर मरीजों के ऑपरेशन पर हो रहा है। सूत्रों के अनुसार अब स्थिति ऐसी हो गई कि जरूरी सामान की सप्लाई नहीं होने की वजह मरीजों को व्यवस्था सामान्य होने पर वापस बुलाने का आश्वासन देकर लौटाया जा रहा है।

व्यवस्था बनाई जा रही है

कार्डियक सर्जरी विभाग में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों ने मुलाकात की थी, उन्होंने जरूरी सामान की व्यवस्था होने के बाद सर्जरी कराने वापस अस्पताल आने की इच्छा जताई थी किसी को वापस नहीं लौटा जा रहा है। सर्जरी संबंधी आवश्यक सामानों की व्यवस्था बनाई जा रही है।

- **डा. संतोष सोनकर,** चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल

बिना सामान सर्जरी संभव नहीं

ऑपरेशन संबंधी आवश्यक सामग्री मिलने के बाद बाईपास, ओपन हार्ट जैसे ऑपरेशन शुरू कर दिए जाएंगे। सामानों के बिना किसी भी प्रकार की सर्जरी संभव नहीं है। सुविधा के अभाव में मरीज लौट रहे हैं।

- **डॉ. कृष्णकांत साहू,** विभागाध्यक्ष, सीटीवीएस, आंबेडकर अस्पताल

जेम पोर्टल की वजह से मामला अटका

सूत्रों के अनुसार अस्पताल में लगने वाले जरूरी उपकरण और आवश्यक सामान की खरीदी पुराने वेंडरों से होती थी। भुगतान नहीं होने की वजह से उनके द्वारा हाथ खड़ा किया गया तो अस्पताल प्रबंधन द्वारा इस प्रक्रिया को जेम पोर्टल के माध्यम से पूरा किए जाने का प्रयास किया गया। इसके लिए निर्धारित नियम में ज्यादा वेंडर पात्र नहीं हो पाए तो मामला ठंडा पड़ गया। इसके बाद पुनः सामान सप्लाई के लिए पुरानी प्रक्रिया अपनाने का प्रयास किया गया जिसमें भुगतान रोड़ा बना हुआ है।

हार्ट ट्रांसप्लांट का सपना अधूरा

एडवांस कार्डियक परिसर में बनने वाले ऑपरेशन थियेटर से हार्ट ट्रांसप्लांट का सपना जुड़ा हुआ है। राज्य में अंग एवं उतक प्रत्यारोपण के तहत हार्ट ट्रांसप्लांट शुरू नहीं हो पाया है। ऑपरेशन थियेटर का निर्माण उसी उद्देश्य किया जा रहा था इसके अलावा एनएमसी की गाइडलाइन के अनुसार ऑपरेशन थियेटर की आवश्यकता है। इसका निर्माण इतनी धीमी गति से हो रहा है कि सालभर में इसके पूर्ण होने की संभावना दूर-दूर तक नजर नहीं आ रही है।

कल से तीन दिवसीय विश्व शांति अखंड ब्रम्ह यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के सिविल लाइन स्थित गॉस मेमोरियल मैदान में 27 मार्च से 3 दिवसीय विश्व शांति अखंड ब्रम्ह यज्ञ का आयोजन किया जायेगा। इसमें देशभर से साधु -संत शामिल होंगे। आयोजक मंडल के सदस्य व मीडिया प्रभारी भगवानू नायक, बनमाली छुरा, आशीष तांडी ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में इस बात की जानकारी दी। सदस्यों ने बताया सत्य सनातन अलेख महिमा धर्म विकास समिति के संस्थापक व राष्ट्रीय प्रचारक उदयनाथ बाबाजी के अगुवाई में तीन दिवसीय यज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। इस महायज्ञ में बड़ी संख्या में युवा नशापान का त्याग करेंगे। साथ ही महिला सुरक्षा-सम्मान, ग़रीबी मुक्त समाज के नवनिर्माण का संकल्प लेंगे।

मिट्टी का गरम-ठंडा लेप कर पैरों के दर्द का किया इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की ओर समता कालोनी स्थित रामनाथ भीमसेन सभाभवन में सात दिवसीय मद थेरेपी शिविर का आयोजन किया गया। इसमें उदयपुर से लायी गयी 28 प्रकार के जड़ी बूटियां मिश्रित प्राकृतिक मिट्टी से मरीजों का उपचार किया गया। मिट्टी का गरम, ठंडा लेप लगाकर पैरों के दर्द से राहत दिलाने विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहे। शिविर कंधे का दर्द, बैक पेन डायबिटीज,मूत्र समस्या, हृदय रोग जैसी बीमारियों का इलाज प्राकृतिक रूप से किया गया। शिविर का लाभ लेने छत्तीसगढ़ सहित ओडीसा, महाराष्ट्र से भी जरूरतमंद आयोजन स्थल पहुंचे। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन प्रांतीय इकाई द्वारा मड थेरेपी चिकित्सा शिविर 19 से 25 मार्च लगाया गया। मुख्य अतिथि समाज सेवी सदा राम अग्रवाल ,राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद अग्रवाल हनुमान प्रसाद अग्रवाल युवा अध्यक्ष प्रमोद जैन युवा चेयरमैन कर्तव्य अग्रवाल प्रमुख रूप से शिविर में उपस्थित रहे।

बिजनेस साइट

आईआईएम रायपुर में निशुल्क दंत जांच एवं जागरूकता शिविर

रायपुर। ओरल हाइजीन डे के अवसर पर '32 पर्ल्स डेंटल क्लीनिक' की विशेषज्ञ टीम ने आईआईएम रायपुर में निशुल्क दंत जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मौखिक स्वास्थ्य के महत्व को उजागर करना और दंत स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में आईआईएम रायपुर के प्रो. रामकुमार काकानी (डायरेक्टर), प्रो. आशापूर्णा बरुआ और राजू मल्लिक का विशेष योगदान रहा। इस शिविर में लगभग 200 फैकल्टी मेंबर्स और उनके परिवारों ने भाग लिया, जहां उन्हें मौखिक स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। शिविर में विशेषज्ञों ने सही ब्रशिंग, फ्लॉसिंग तकनीक, दांतों की संवेदनशीलता, मसूड़ों की समस्याएं, कैविटी से बचाव, दांतों का संरेखण और रूट कैनाल उपचार जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

पारस प्रेरणा दिव्य शक्ति गौरव सम्मान-2025 में 130 महिलाएं सम्मानित

रायपुर। पारस ग्रुप ऑफ फाउंडेशन द्वारा 'पारस प्रेरणा दिव्य शक्ति गौरव सम्मान-2025' का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। यह सम्मान समारोह उन विशिष्ट महिलाओं को समर्पित था, जिन्होंने अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर समाज में प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से 130 महिलाओं को 'पारस प्रेरणा दिव्य शक्ति गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मीनल चौबे ने उन्हें पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए और महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा, महिलाएं आज हर क्षेत्र में सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रही हैं और यह सम्मान उन्हें और अधिक सशक्त बनाने का एक प्रयास है। कार्यक्रम में पारस ग्रुप ऑफ फाउंडेशन की डायरेक्टर कविता कुंभज, अम्लेश्वर ब्रांच के डायरेक्टर राहुल कुंभज सहित सभी संस्थानों के स्टाफ, अतिथि और सहयोगी उपस्थित रहे।

डॉ. राम प्रसाद कुर्रे ने शिक्षा और शोध में दिया महत्वपूर्ण योगदान

रायपुर। डॉ. राम प्रसाद कुर्रे, सहायक प्राध्यापक, मैट्स स्कूल ऑफ लाइब्रेरी साइंस, मैट्स यूनिवर्सिटी, रायपुर ने पुस्तकालय और सूचना विज्ञान के क्षेत्र में अपनी उल्लेखनीय यात्रा को जारी रखते हुए शिक्षा और शोध में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने मैट्स यूनिवर्सिटी, रायपुर से पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में अपनी पीएचडी की उपाधि प्राप्त की, जिसमें उन्होंने अपनी शोध निर्देशक डॉ. कल्पना चंद्राकर के मार्गदर्शन में 'छत्तीसगढ़ राज्य के विश्वविद्यालय पुस्तकालय में सूचना सेवाएं : रायपुर जिले के विशेष संदर्भ में' विषय पर शोधकार्य किया। इसके साथ ही डॉ. कुर्रे ने पुस्तकालय और सूचना विज्ञान के क्षेत्र में तीन शोधपत्रों और एक पुस्तक अध्याय का प्रकाशन किया है।

मैट्स यूनिवर्सिटी को नैक ए+ की मान्यता शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल

रायपुर। मैट्स यूनिवर्सिटी ने नैक ए+ मान्यता प्राप्त करने वाला पहला निजी विश्वविद्यालय बनने का गौरव हासिल किया है। यह मान्यता विश्वविद्यालय की शिक्षा में उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता और उसकी निरंतर मेहनत का प्रतीक है। नैक द्वारा किए गए कठोर निरीक्षण में विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम, शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया, अनुसंधान, बुनियादी ढांचा और शासन सहित कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत मूल्यांकन किया गया। इस मान्यता प्रक्रिया के तहत विश्वविद्यालय की गुणवत्ता, शिक्षा, अनुसंधान, और सामुदायिक जुड़ाव के मानकों को ध्यान में रखा गया। इस मौके पर नैक ए+ प्रमाणपत्र छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका को मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति प्रो. केपी यादव और महानिदेशक प्रियेश पगारिया द्वारा प्रस्तुत किया गया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की शिक्षा के प्रति समर्पण और उत्कृष्टता की सराहना करते हुए इसकी उपलब्धियों की प्रशंसा की।

एसआरयू में उज्ज्वला-4 लैंप लाइटिंग एवं शपथ ग्रहण समारोह

रायपुर। श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च के नवा रायपुर परिसर में स्थित रविशंकर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में उज्ज्वला-4 लैंप लाइटिंग एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर बीएससी नर्सिंग 2020-2021 से 2023-2024 बैच के छात्र-छात्राओं ने नर्सिंग सेवा की शपथ ग्रहण की। मुख्य अतिथि डॉ. पीके पात्रा ने नर्सिंग शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय की सराहना की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को समाजसेवा में ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी।

आंजनेय विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन का समापन

रायपुर। छत्तीसगढ़ के भविष्य को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा विभाग और आंजनेय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'छत्तीसगढ़ विजन 2047: चुनौतियां, दायित्व एवं सुझाव' तीन दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन का समापन हुआ। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि विकसित होने का अर्थ मात्र भौतिक प्रगति नहीं, बल्कि गुणवत्ता और मात्रा दोनों में संतुलित वृद्धि होना चाहिए। चांसलर अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ को 2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर राज्य बनाने का सपना केवल सरकार का नहीं है, बल्कि यह हम सभी का सपना होना चाहिए। हमें मिलकर मेहनत करनी होगी, अपनी जिम्मेदारियों को समझना होगा और एकजुट होकर कार्य करना होगा।

पहली बार 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 नई योजनाएं हुई थीं लांच

नए साल में भी रीयल एस्टेट में नई योजनाओं का बूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रियल एस्टेट में नए साल में नई योजनाओं की बहार आ रही है। नए साल में नई योजनाओं की रफ्तार में बड़ा बूम है। करीब तीन माह में 32 नई योजनाओं का रेरा में पंजीयन हुआ है। जनवरी में जहां 11 नई योजनाएं आई हैं, वहीं फरवरी में भी 11 योजनाओं का ही पंजीयन हुआ है। मार्च में अब तक 10 नई योजनाओं का पंजीयन हो चुका है। बीते साल 161 योजनाओं का पंजीयन हुआ था। 2023 में सबसे मंदी रही है, क्योंकि 137 नई योजनाओं ही आईं, जबकि 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 योजना लांच हुई थीं। नई योजनाओं में अब 40 फीसदी स्थान में निर्माण करने की अनुमति होने के कारण इन योजनाओं में घरों की लागत कम होगी। इसका फायदा ग्राहकों को होगा। नई योजनाओं में एक देखने वाली बात यह भी है कि ज्यादातर योजनाओं में जो घर बन रहे हैं, उनमें महंगे घरों पर ज्यादा फोकस है। पूरे देश में उच्च वर्ग की खरीदारी में इजाफा हुआ है। इसी के साथ गरीब तबका भी खरीदारी के मामले में आगे है। मध्य वर्ग की खरीदारी कम हुई है। अब यह वर्ग सोच समझकर ही खर्च कर रहा है। सबसे ज्यादा पैसे खर्च करने वाला उच्च वर्ग ही है। यही वजह है कि अब रियल एस्टेट में भी इसी वर्ग को ध्यान में रखकर ज्यादातर घर बन रहे हैं। 2021 में कोरोना के बाद रियल एस्टेट में त्योहारी सीजन में बहुत घर बिके। इसके बाद से रियल एस्टेट में बूम का दौर चल रहा है।

- बीते साल 161 नई योजनाएं आईं

2022 में आईं रिकॉर्ड योजनाएं

रियल एस्टेट से जुड़ी हर योजना को अब रेरा से मंजूरी लेनी पड़ती है। चाहे वह सरकारी योजना हो या फिर निजी योजना उनको रेरा में पंजीयन के बिना प्रारंभ नहीं किया जा सकता है। रेरा में जब फरवरी 2018 से पंजीयन प्रारंभ हुआ तो यही साल ऐसा रहा, जिसमें रिकॉर्डतोड़ 897 योजनाओं का पंजीयन हुआ। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि हर बिल्डर को अपनी पुरानी योजनाओं का भी पंजीयन कराना जरूरी था। दूसरे साल पुरानी और नई योजनाओं को मिलाकर 192 योजनाएं मंजूर हुईं। 2020 में कोरोना काल होने के बाद भी 100 नई योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ। 2021 में पिछला रिकॉर्ड टूटा और 136 नई योजनाओं का पंजीयन हुआ। 2022 में योजनाओं की बाढ़ आई। इस साल 273 नई योजनाएं आईं। इसके बाद 2023 में योजनाओं की रफ्तार धीमी हो गई। साल भर में महज 137 योजनाओं आईं। बीते साल योजनाओं की रफ्तार में कुछ इजाफा हुआ और साल भर में 161 नई योजनाएं आईं। अब नए साल में जिस रफ्तार से योजनाओं आ रही है, उससे लगता है इस साल भी ज्यादा योजनाएं लांच होंगी।

एम्स में होगी हृदय प्रत्यारोपण की शुरुआत डाक्टर और स्टाफ को चेन्नई में ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आर्गन एंड टिशू ट्रांसप्लांट के तहत आने वाले दिनों में एम्स में हृदय प्रत्यारोपण की शुरुआत की जाएगी। इसकी तैयारी के लिए डाक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ को चेन्नई के एमजीएम हास्पिटल में ट्रेनिंग दी जा रही है। दूसरी ओर हास्पिटल में 50 वां किडनी ट्रांसप्लांट सफलता पूर्वक पूरा किया गया। इसमें मां ने अपनी बेटी को किडनी के जरिए नया जीवन दिया जो पिछले एक साल से डायलिसिस पर थी। एम्स में अब तक किडनी और आई ट्रांसप्लांट की सुविधा है लिवर के साथ हार्ट ट्रांसप्लांट की शुरुआत करने की अनुमति यहां मिल चुकी है। इसकी शुरुआत होने से प्रदेश के लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी। यहां अब तक 50 किडनी के साथ 75 कार्नियल और एक स्किन ट्रांसप्लांट किया जा रहा है। जल्दी ही यहां 20 बेड की किडनी प्रत्यारोपण वार्ड तैयार किया जाएगा। एम्स में पिछले दिनों लाइव ट्रांसप्लांट के तहत अनूपपुर एमपी की 22 साल की छात्रा को उसकी मां की किडनी प्रत्यारोपित की गई। छात्रा जनवरी 2024 से किडनी रोग से पीड़ित थी और एक साल से डायलिसिस पर थी। इस ट्रांसप्लांट को सर्जन डॉ. अमित शर्मा, डॉ. दीपक कुमार बिस्वाल, डॉ. सत्यदेव शर्मा, डा. विनय राठौर डॉ. सुभ्रत कुमार सिंघा, डॉ. मयंक कुमार, डॉ. जितेंद्र सहित अन्य लोगों ने मिलकर पूरा किया।

- 50 वां सफल किडनी ट्रांसप्लांट, मां ने दिया बेटी को नया जीवन

हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 26 मार्च 2025

सूरजमुखी के फूलों की प्राकृतिक छटा...

रायपुर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में सूरजमुखी के सुनहरे फूलों के पौधे लोगों के मन को प्रफुल्लित कर रहे हैं। यहां 3 एकड़ से अधिक भूमि पर सूरजमुखी की खेती की जा रही है, जिसके हजारों फूल प्रकृति की सुंदरता का उदाहरण बन चुके हैं। गर्मी के मौसम में ये फूल न केवल अपनी आकर्षक सुंदरता से मन को मोह रहे हैं, बल्कि सूर्य की ओर झुके हुए, अपनी दिशा और जीवन की दिशा को भी दर्शा रहे हैं। हर सुबह ये सूरज की किरणों के साथ खिलते हैं।

सिटी इवेंट

चेट्रीचंड्र की शोभायात्रा का स्वागत करेंगी अभिनेत्री भाग्यश्री

रायपुर। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा आयोजित चेट्रीचंड्र महोत्सव में इस बार फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री जयस्तंभ चौक पर शोभायात्रा का स्वागत करेंगी। आयोजन 30 मार्च को शाम 6 बजे से शुरू होगा। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि इस वर्ष के आयोजन में मुंबई से आर्केस्ट्रा टीम, डांस ग्रुप और सिंधी गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा एंकर महेश मोटलानी द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया जाएगा और शानदार आतिशबाजी, गणेश वंदना का आयोजन भी किया जाएगा। सिंधी समाज के इस विशाल पर्व में दिल्ली से एक डांस ग्रुप भी अपनी प्रस्तुति देगा। आयोजन समिति के चेयरमैन संजय रहेजा, विक्की लोहाना, सुनील कुकरेजा, धनेश मटलानी, चंदन जैसिंघ, तेजकुमार बजाज, निलेश तारवानी, विशाल नारंग, डॉ. एनडी गजवानी, मनीष तलरेजा, कमल विधवानी, राजीव जसवानी, दीपक रामनानी, जितेंद्र मलघानी, नितिन कृष्णानी और चंदर देवानी की सक्रिय भागीदारी होगी।

चेट्रीचंड्र महोत्सव : घरों में भगवान झूलेलाल की मूर्ति की आज होगी स्थापना

सिंधु एकता संघ सिंधी समाज द्वारा मनाए जा रहे झूलेलाल उत्सव के अंतर्गत 26 मार्च को शहरभर में भगवान झूलेलाल की मूर्तियों की स्थापना की जाएगी। इस आयोजन का उद्देश्य सिंधी समाज की संस्कृति और धार्मिक परंपराओं को बढ़ावा देना है, खासकर युवा पीढ़ी को अपने धर्म और संस्कृति से जोड़ने के लिए। सिन्धु एकता संघ के संस्थापक सुभाष बजाज, आयोजन के संयोजक रमेश मिरघानी और अध्यक्ष चंद्र कुमार माखीजा ने जानकारी दी कि इस बार के उत्सव में लगातार 13वें वर्ष गणेश उत्सव की तरह झूलेलाल उत्सव मनाया जा रहा है। इस उत्सव के तहत 26 मार्च को घर-घर में भगवान झूलेलाल की मूर्ति की स्थापना होगी। इस वर्ष 12,000 से अधिक मूर्तियां पूरे प्रदेश में निशुल्क वितरित की गई हैं, जिसमें रायपुर शहर में लगभग 5,000 मूर्तियों का वितरण हुआ। इसके अलावा, एमपी, महाराष्ट्र, ओडिशा सहित अन्य राज्यों में भी विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं द्वारा मूर्तियों का वितरण किया गया।

युवाओं और बच्चों को संस्कृति से जोड़ना है

मूर्ति स्थापना के साथ-साथ सिंधु एकता संघ द्वारा भगवान झूलेलाल की आरती की बुक भी वितरित की जा रही है, जिसमें स्थापना के मंत्र, पूजा विधि, आरती करने के तरीके की जानकारी दी गई है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य सिंधी समाज के युवाओं और बच्चों को अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ना है। सिंधु एकता संघ के प्रयासों से अब वह युवा जो अपनी संस्कृति से विमुख हो गए थे, वापस मुख्य धारा से जुड़ने लगे हैं। मूर्ति वितरण में अमित मूलचंदानी और कुमार बोधवानी की मुख्य भूमिका रही है।

लाइव इवेंट

चित्रगुप्त जयंती पर होंगे नाट्य मंचन, पत्रिका विमोचन भी

रायपुर। कायस्थ समाज, चित्रगुप्त जयंती आयोजन समिति द्वारा 4 मई को चित्रांशोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। चित्रगुप्त जयंती आयोजन समिति के संयोजक संजय श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष के कार्यक्रम में चित्रगुप्त पूजन, आरती, सामाजिकजनों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामाजिक सम्मान पत्रिका विमोचन, नाट्य मंचन एवं रात्रि भोज शामिल है। यह कार्यक्रम मेडिकल कॉलेज सभागार में होगा। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर गत दिनों आयोजन समिति की बैठक हुई। बैठक में संजय श्रीवास्तव, राजेंद्र श्रीवास्तव, प्रदीप वर्मा, राजेंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, सुभाष वर्मा, विट्ठल श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, संदीप वर्मा, दिलीप वर्मा, अमित श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, वैभव श्रीवास्तव, अभिषेक निगम, विनोद श्रीवास्तव ,दीपेंद्र श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, अल्पना वर्मा, विमल श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

● स्कूलों में समर वेकेशन होमवर्क पर बच्चों के सोशल, इमोशनल और मेंटल ग्रोथ पर जोर

समर वेकेशन पर रोचक असाइनमेंट, बच्चे घूमने जाने पर लिखेंगे यात्रा वृतांत, पढ़ेंगे पंचतंत्र की किताब

रायपुर। प्राइवेट स्कूल में बच्चों के लिए रोचक असाइनमेंट तैयार किए जा रहे हैं, जिससे वे पढ़ाई से जुड़े रहेंगे और इसे मनोरंजक तरीके से पूरा किया जा सकता है। बच्चे जहां भी घूमने जाएंगे, वे अपना यात्रा वृतांत लिखेंगे। हमने अनुभव की शिक्षा थीम पर इस बार असाइनमेंट और प्रोजेक्ट दिया है। हमने बच्चों से कहा है कि 15 दिनों के बाद अपने शिक्षक को एक पत्र लिखेंगे, जिसमें अपनी पढ़ाई के साथ-साथ समर वेकेशन के बारे में बताएंगे। इसके अलावा किताब पढ़ने को कहा है, जिसकी समीक्षा भी खुद लिखेंगे। साइंस और गणित को लेकर प्रोजेक्ट पाठ्यक्रम से जुड़े हुए हैं।

> स्कूलों में एग्जाम खत्म होने के बाद अब कुछ दिनों के लिए गर्मी छुट्टियां शुरू होने वाली है। समर वेकेशन के दिनों में बच्चों में पढ़ने और लिखने की आदत को बनाए रखें, इसलिए इस बार स्पेशल असाइनमेंट और प्रोजेक्ट दिया जाएगा, जिससे बच्चों का बौद्धिक और शारीरिक विकास भी होगा। छात्रों को शहर और देश की बड़ी समस्या का हल खोजने के असाइनमेंट मिलेंगे। हरिभूमि ने शहर के विभिन्न स्कूलों के प्राचार्यों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि इस वेकेशन में बच्चों को पढ़ाई से हटकर मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास को ध्यान देते हुए होमवर्क तैयार किया गया है।

शहर की ट्रैफिक समस्या का ढूंढेंगे हल

कक्षा 8वीं से 10वीं की पढ़ाई करने वाले छात्रों को समस्या पर आधारित असाइनमेंट मिला है। द लिटिल की प्राचार्य रेखा शुक्ला ने बताया कि बच्चों को मोबाइल से दूर रहकर शारीरिक गतिविधि करनी है। शिक्षक हर 10 दिनों में पालकों से बात कर इसकी मॉनिटरिंग भी करेंगे। उन्होंने बताया कि 10वीं के छात्रों को शहर में ट्रैफिक समस्या का हल ढूंढने का स्पेशल असाइनमेंट दिया है। अपने आसपास होने वाली सोशल एक्टिविटीज पर निबंध के अलावा छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति को जानने के लिए कहा गया है। साथ ही सड़क पर चलती गाड़ियों के नंबर से उसका स्टेट व सिटी जानने का अनोखा प्रोजेक्ट दिया है।

लोगों के बीच सामाजिक होने का असाइनमेंट

ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को रोचक असाइनमेंट मिले हैं। बोरिया में शासकीय स्कूल के शिक्षक प्रेम साहू ने बताया कि हमने समर असाइनमेंट को रिसर्च कार्य की तरह तैयार किया है। इसमें ऐसी एक्टिविटी दी है, जिसमें उन्हें सोशल होना है। बच्चों को पड़ोसियों का इंटरव्यू लेना है, कम्युनिटी डेवलपमेंट को समझना है, बीज का अंकुरण कर देखना है। इन सभी गतिविधियों से उन्हें जानकारी जुटानी है, ताकि वे सामाजिक हो सकें। चूंकि छुट्टियां कम दिन की होती हैं, इसलिए क्लास तीसरी से नौवीं तक इतना ही वर्क देते हैं कि वे एंजॉयमेंट के साथ उसे पूरा कर सकें।

बाल साहित्य और पंचतंत्र की पढ़ेंगे किताब

शहर के सरस्वती शिशु मंदिर में इस समर वेकेशन में बच्चों को बाल साहित्य पर जोर दिया गया है। शिक्षक संस्कार श्रीवास्तव ने बताया कि हमने सभी बच्चों को पंचतंत्र कथा ग्रंथ पढ़ने का असाइनमेंट दिया है, जो आचार्य विष्णु शर्मा ने लिखा है। इस किताब को पढ़कर बच्चों के बौद्धिक विकास के साथ सोच भी विकसित होती है। इसके अलावा सदाचारी बनने के गुण बताने के साथ-साथ रिश्तों का महत्व जानने जैसे रोचक असाइनमेंट दिए हैं। उनका कहना है कि बच्चे गणित और अंग्रेजी में कमजोर होते हैं, इसलिए उन्हें अंग्रेजी में निबंध लिखने के साथ गणित के सूत्रों को चार्ट तैयार करने का कहा है, जो उन्हें आगे की कक्षा में भी काम आएगा।

इंटरनेशनल स्पेस एप्स चैलेंज का लोकल लीडर बना एनआईटी

रायपुर। एनआईटी द्वारा संचालित 'सेंटर ऑफ स्पेस एंड इंटरप्लेनेटरी एक्सप्लोरेशन' को नासा के 'इंटरनेशनल स्पेस ऐप्स चैलेंज के लोकल लीडर' के रूप में चयन किया गया है। यह निर्णय सेंटर के कुशल नेतृत्व, सफल आयोजन, क्षमता, सामुदायिक सहयोग और नवाचार के प्रति समर्पण को देखते हुए किया गया। नासा स्पेस एप्स चैलेंज की शुरुआत साल 2012 में की गई, जो दुनियाभर के वैज्ञानिक, इंजीनियर, छात्रों, क्रिएटर्स और तकनीकी विशेषज्ञों को एक मंच प्रदान करता है। बीते वर्ष कार्यक्रम में 163 देशों से 93,520 लोगों ने भाग लिया था, जिसमें 15,444 टीमें तैयार की गईं, जिन्होंने 9996 प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए थे।

वैश्विक हैकाथॉन 4-5 अक्टूबर को

इस वर्ष वैश्विक हैकाथॉन 4-5 अक्टूबर को आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के रायपुर एडिशन की जिम्मेदारी एनआईटी के स्पेस सेंटर को दी गई है। प्रतिष्ठित चैलेंज का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर सहयोग करना, रचनात्मकता और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा देना है, जिससे भविष्य के वैज्ञानिकों, तकनीकी विशेषज्ञों, डिजाइनर और कहानीकारों को प्रोत्साहित किया जा सके। नासा ने एनआईटी के सेंटर सदस्यों को वर्चुअल, इन-पर्सन लोकल इवेंट, प्रतियोगिता, स्थानीय भागीदारी बढ़ाने और एक स्थानीय आयोजन टीम तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसमें टीम के सहयोग के लिए समय-समय पर वर्कशॉप भी किया जाएगा।

13 वर्ष की उम्र में प्रीत ने लिखी किताब 'द फियरफुल गर्ल'

रायपुर। राजधानी की प्रीत तारवानी ने मात्र 13 वर्ष की उम्र में किताब द फियरफुल गर्ल लिखी है, जिसका विमोचन राजकुमार कॉलेज की असेंबली में सीमा सिद्दीकी के हाथों हुआ। प्रीत राजकुमार कॉलेज की कक्षा 8वीं की छात्रा हैं। उन्होंने बताया कि किताब द फियरफुल गर्ल में एक लड़की की जीवन यात्रा के बारे में बताया है कि कैसे एक लड़की सहमी हुई स्कूल पहुंचाती है, फिर जब उसे अपनी पहचान होने लगती है, तब वह आत्मविश्वास से ऐसे परिपूर्ण हो जाती है कि वह जीवन में कुछ भी हासिल कर सकती है।

कम उम्र में ही लेखन की शुरुआत

प्रेस क्लब में प्रेसवार्ता के दौरान प्रीत ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कम उम्र से ही लेखन की ललक ने किताब लिखने का कार्य आसान बना दिया। इस उपलब्धि पर परिजन अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। भीमन दास तारवानी, राजू भाई तारवानी, उत्तम चंद तारवानी, सीए चेतन तारवानी ने बताया कि प्रीत शुरू से मेधावी व रचनात्मक रही हैं, उनका लेखन कार्य जारी रहेगा।

नई लाइब्रेरी छात्रों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगी, पढ़ाई का बनेगा नया वातावरण

20 करोड़ में बनेगी शहर की दूसरी नालंदा लाइब्रेरी, एक साथ पढ़ सकेंगे 1000 स्टूडेंट

कार्नर न्यूज

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए पश्चिम विधानसभा में नालंदा लाइब्रेरी द्वितीय पार्ट का निर्माण जल्द शुरू होने वाला है, जिसमें आधुनिक सुविधाओं के बीच बैठकर पढ़ने की व्यवस्था होगी। राजधानी में नालंदा, सेंट्रल व तक्षशिला लाइब्रेरी के बाद भी यहां नालंदा में पढ़ाई करने वाले छात्रों की लंबी वेटिंग लिस्ट होती है, जिसे ध्यान में रखते हुए अब नालंदा लाइब्रेरी द्वितीय पार्ट तैयार की जा रही है। इसका लाभ हजारों छात्रों को मिलेगा।

रायपुर। बता दें कि पश्चिम विधानसभा के विधायक राजेश मूणत ने मंगलवार को क्षेत्र में बनने वाली नालंदा लाइब्रेरी द्वितीय पार्ट का प्रेजेंटेशन देखा। प्रेजेंटेशन प्रस्तुत करते हुए नगर निगम रायपुर के अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, सहायक अभियंता अंशुल शर्मा, वास्तुविद जाकिर खान व उनकी टीम ने इसकी विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

जल्द निर्माण कार्य होगा शुरू

नगर निगम द्वारा प्राक्कलन प्राप्त होते ही नालंदा लाइब्रेरी पार्ट-2 के निर्माण कार्य को मंजूरी दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इस लाइब्रेरी की क्षमता 1000 छात्रों की होगी और इसका निर्माण कार्य 15 से 20 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से होगा। इस नई लाइब्रेरी के बन जाने से छात्रों को अध्ययन के लिए एक बेहतर और विशाल वातावरण मिलेगा, जिससे शैक्षिक स्तर में और वृद्धि होगी।

नालंदा में हजार वेटिंग

पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में स्थित प्रदेश की पहली नालंदा लाइब्रेरी, जो 24 घंटे विद्यार्थियों से पैक रहती है, अब एक हजार वेटिंग पर चल रही है। छात्रों को हो रही कठिनाइयों को देखते हुए विधायक श्री मूणत ने नगर निगम अधिकारियों को नालंदा लाइब्रेरी पार्ट-2 का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए थे। नगर निगम अधिकारियों को शीघ्र प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए। यह नई लाइब्रेरी छात्रों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगी, जिससे और अधिक विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए जगह मिल सकेगी।

सिटी लाइव

दर्शकों की पसंद पर छत्तीसगढ़ी फिल्मों को मिले 16 केटेगरी में बेस्ट अवॉर्ड

रायपुर। छत्तीसगढ़ में पहली बार ऑनलाइन वोटिंग पर आधारित सिनेमा 36 पीपुल्स चॉइस अवॉर्ड 2025 का आयोजन महंत लक्ष्मीनारायण दास कॉलेज में रविवार को आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार गुलाल वर्मा रहे तथा अध्यक्षता देबाशीष मुखर्जी ने की। अन्य अतिथियों में अजय रघुवंशी, यशवंत साहू और एसके गुप्ता मौजूद रहे। इसमें 2024 में रिलीज फिल्मों को 16 केटेगरी में अवॉर्ड दिए गए। साथ ही 2 स्मृति अवॉर्ड भी शामिल थे। मोर छईहां भुईयां 2 को बेस्ट फिल्म समेत 7 अवॉर्ड मिले। जबकि हंडा को 4 अवॉर्ड दिए गए। अनुपमा मिश्रा ने हंडा फिल्म का गीत ए छैल छबीला रे गाकर धूम मचा दी थी। जबकि कंचन जोशी ने डार्लिंग प्यार झुकता नहीं 2 का गाना देख देख के.. गाया था। दोनों गानों को जबरदस्त प्रसिद्धि मिली थी। दोनों के वोटिंग परसेंटेज लगभग बराबर थे, इसलिए दोनों को बेस्ट फिमेल सिंगर का संयुक्त अवॉर्ड दिया गया।

इन्हें मिले अवॉर्ड

बेस्ट कोरियोग्राफर : चंदनदीप (हंडा) बेस्ट सिंगर फिमेल : अनुपमा मिश्रा और कंचन जोशी, बेस्ट सिंगर मेल : सुनील सोनी (मोर छईहां भुईयां-2) बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर : सुनील सोनी (मोर छईहां भुईयां 2) बेस्ट सिनेमेटोग्राफर : सिद्धार्थ सिंह (मोर छईहां भुईयां 2)बेस्ट कॉमेडियन : पप्पू चंद्राकर (हंडा) बेस्ट डेब्यू एक्ट्रेस : दीक्षा जायसवाल (बीए फाइनल ईयर) बेस्ट डेब्यू एक्टर : दीपक साहू (मोर छईहां भुईयां 2) बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस : अंजली सिंह (माटीपुत्र) बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर : क्रांति दीक्षित (माटीपुत्र) बेस्ट एक्ट्रेस निगेटिव : उपासना वैष्णव (दूल्हा राजा) बेस्ट एक्टर निगेटिव : पुष्पेंद्र सिंह (माटीपुत्र) बेस्ट एक्ट्रेसः दीक्षा जायसवाल (मोर छईहां भुईयां 2) बेस्ट एक्टरः अमलेश नागेश (हंडा) बेस्ट डायरेक्टर : सतीश जैन (मोर छईहां भुईयां 2) बेस्ट फिल्म : मोर छईहां भुईयां 2

समाज लाइव

गोशाला में घुमंतू पशुओं के लिए हरी सब्जियां और चारा वितरण की व्यवस्था

रायपुर। भगवान महावीर स्वामी के 2624वें जन्मकल्याणक महोत्सव के अवसर पर भैरव सोसायटी में जियो और जीने दो सेवा पखवाड़े के अंतर्गत मूक पशुओं और पक्षियों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसकी शुरुआत 25 मार्च से की गई है, जिसमें सार्वजनिक पशु आहार गोशाला में घुमंतू पशुओं के लिए हरी सब्जियों और चारा वितरण की व्यवस्था की जाएगी। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर और दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद और महासचिव महेंद्र कोचर ने बताया कि कार्यक्रम के तहत आसपास के सैकड़ों घुमंतू पशु प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से 9 बजे तक आकर चारा खाते हैं। इसके अलावा मूक पशुओं, गायों, बैल, कुत्तों और पक्षियों के लिए 56 भोग महावीर महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रकार की सब्जियां, वनस्पति और अन्य खाद्यान्न सामग्री से भोग की व्यवस्था की जाएगी।

200 दाना फीडर गुजरात से मंगाए गए

ट्रस्टी नीलेश गोलछा ने जानकारी दी कि महावीर जन्मकल्याणक के अवसर पर पहले चरण में 100 दाना फीडर का वितरण किया गया था। श्रद्धालुओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए अब 200 दाना फीडर गुजरात से मंगाए गए हैं, जो स्वच्छता के साथ उपयोग किए जा सकते हैं और इनमें रखे दाने खराब नहीं होंगे। इसके अलावा पानी रखने के लिए वॉटर फीडर और प्लास्टिक के सकोरे वितरित किए जाएंगे, जिन्हें छत पर, बाल्कनी में या गार्डन में रखा जा सकता है। ट्रस्टी राजेश सिंघी और डॉ. योगेश बंगानी ने बताया कि 5 अप्रैल को भैरव सोसायटी और आसपास की कॉलोनी में घरों के सामने कोटना लगाने के लिए रहवासियों को प्रेरित किया जाएगा।

भक्त माता कर्मा जयंती पर 39 जोड़ों का विवाह, 33 साल पूरे होने पर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज

निशुल्क विवाह से 39 जोड़ों ने बचाए 50 लाख, अब आर्थिक मजबूती के साथ शुरू करेंगे खुद का व्यापार

संत कर्मा माता आश्रम समिति एवं जिला साहू संघ के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। समाज की इस अनोखी पहल ने अनेक परिवारों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में सहयोग किया है। शादियों में वर-वधु पक्ष लाखों रुपए खर्च करते हैं। वहीं इस निशुल्क सम्मेलन से एक ही मंडप में अनेक जोड़ों का विवाह कराया गया। भक्त माता कर्मा जयंती के उपलक्ष्य पर निशुल्क सामूहिक विवाह बीते 33 वर्षों से निरंतर किया जा रहा है। संतोषी नगर स्थित कर्मा धाम में मंगलवार को विवाह पर सैकड़ों समाजजन शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत भक्त मां कर्मा के महाआरती के साथ की गई।

रायपुर। संत कर्मा माता आश्रम समिति के संस्थापक अध्यक्ष संतराम साहू ने बताया कि बीते 33 वर्षों से लगातार सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से समाज का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया, जिसके लिए संस्थापक को प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। 1009वीं जयंती के मौके पर राजधानी से गुढ़ियारी, खमतराई, भामाशाह टिकरापारा, रामनगर, दलदल सिवनी और चंगोराभाठा से सदस्य शामिल हुए। जहां साहू समाज से 18, हरियंत समाज से 3, आदिवासी समाज से 2 , यादव समाज से 2 और चंद्राकर समाज से 1 जोड़े का विवाह संपन्न हुआ। विवाह के दौरान समाज के सदस्यों ने पचहन बर्तन, मंगलसूत्र व बिछिया नवदंपत्ति को भेंट किए। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के सदस्यों को विवाह सामग्री में भी मदद की गई। शोभायात्रा के दौरान माता कर्मा और श्रीकृष्ण की प्रतिमा के साथ झांकी भी तैयार की गई।

धार्मिक स्थलों के विकास के लिए 5 करोड़

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीएम विष्णुदेव साय ने शिरकत की, जहां उन्होंने आदर्श विवाह में शामिल वर-वधु पक्ष को आशीर्वाद भी दिया। भक्त माता कर्मा जयंती के खास मौके पर तेली समाज की कुलदेवी भक्त माता कर्मा के नाम पर डाक टिकट का विमोचन किया। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक मोतीलाल साहू, विधायक संदीप साहू समेत मंत्रिमंडल के कई सदस्य मौजूद रहे। सीएम श्री साय ने अपने संबोधन में कहा, भक्त माता कर्मा का जीवन निष्ठा, बलिदान और भक्ति की मिसाल है। डाक टिकट के माध्यम से उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाना, भावी पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बनेगा। राजिम माता की मूर्ति स्थापना सहित अन्य विकास कार्यों के लिए पूर्व में घोषित 5 करोड़ रुपए की राशि अब बजट में शामिल कर दी गई है, जिससे समाज के धार्मिक स्थलों के विकास को नई गति मिलेगी।

कर्मा धाम में निभाईं रस्में, निकली बारात

साहू समाज के कुलदेवी भक्त माता कर्मा की जयंती अवसर पर शहर के अनेक स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कर्माधाम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। विवाह के दौरान तेल-हल्दी, बारात और विवाह के बाद छत्तीसगढ़ी गीतों पर झूमते नजर आए। बेटी के कन्यादान के दौरान माता-पिता और उपस्थितजन भावुक हो गए।

सामूहिक विवाह में अन्य समाज के जोड़े

सिर पर माता-पिता का साया नहीं रहा, ऐसे में शादी की सभी रस्में परिवार के सदस्य और साहू समाज के पदाधिकारियों ने निभाईं। सरोना निवासी ऋषिकेश कोशले ने बताया कि विवाह के दौरान वर-वधु पक्ष से माता-पिता का होना अनिवार्य है, जो शादी की रस्मों को निभाते हैं। साहू समाज द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह यादगार रहेगा, जहां मंडप में माता-पिता जैसे बुजुर्गों का आशीर्वाद मिला। माता-पिता की मृत्यु के बाद घर की जिम्मेदारी मेरे कंधों पर है, मैं शहर स्थित एक शोरूम में काम करता हूं। सामूहिक विवाह से हमें आर्थिक रूप से मदद मिली, जहां विवाह की सभी सामग्री समाज के ओर से दी गई है।

सदस्यों ने निभाई कन्यादान की रस्म

ममता डहरिया ने बताया कि कुछ साल पहले पिता की मृत्यु हो गई, जिसके कारण अब परिवार में मां के अलावा कोई नहीं है। सामूहिक विवाह के दौरान सभी जोड़ों के माता-पिता को देखकर मुझे अपने पिता की याद आने लगी। विवाह में कन्यादान का दायित्व साहू समाज के सदस्यों ने निभाया, जिन्होंने बेटी की तरह मुझे अपनाया और कन्यादान की रस्म में शामिल हुए। जीवन के यादगार वक्त के दौरान मेरा परिवार पूर्ण हो गया, हमें इस बात की खुशी है।

पारंपरिक छत्तीसगढ़ी रस्मों से विवाह

छत्तीसगढ़ी विवाह गीत और बांस के मंडप पर तेल-हल्दी के रस्मों के साथ विवाह उत्सव की शुरुआत की गई, जिसमें सभी समाज के लोगों ने छत्तीसगढ़ी परंपरा और संस्कृति को अपनाया, विवाह के दौरान संगीत मंडली द्वारा लाउडस्पीकर की मदद से मंत्रोच्चार और लोकगीत सुनने को मिले। आदर्श सामूहिक विवाह में बारात भी गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। समाज के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की मदद करना और फिजूलखर्ची बंद करना है।

प्रतियोगिता में बच्चों को दिए समाज के संदेश

भगवान महावीर जन्मकल्याण महोत्सव में अब तक 30 हजार जयपुर पैर वितरित

महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के अंतर्गत जैन युवा महिला मंडल एवं गोल्ड एज क्लब के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को अभिव्यक्ति में वीर शक्ति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिखाओ अपना टैलेंट, पाओ गिफ्ट रिटर्न के साथ, पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर स्पर्धा का आयोजन हुआ। साथ ही प्रभु महावीर के शासनकाल और अन्य तीर्थंकरों के समय की घटनाओं का चित्रण किया गया।

रायपुर। एक प्रतियोगी ने जयंती श्राविका का अभिनय करते हुए प्रभु से प्रश्नों के माध्यम से अपनी शंकाओं का समाधान लिया, किसी ने मानतुंगाचार्य का अभिनय किया तो कोई 16 सती बनी सुंदरीजी के वेशभूषा में नजर आईं। प्रतिभागियों को ममता, आर्तध्यान, रोष, हास्य, विरह, इमोशनल, प्रेम, वीरता विषय स्पर्धा का रखा गया।

मनोहर जीवन कल्याण वृद्धाश्रम में आयोजन

श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन महिला मंडल ने महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर मनोहर जीवन कल्याण वृद्धा आश्रम में दोपहर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मंडल की अध्यक्ष सरिता सुनील जैन, कार्यक्रम की संयोजिका रेखा रमेश जैन, दीप्ति श्रद्धेय जैन, डिंपल जैन, सचिव सपना संजय जैन व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

स्पर्धा में बच्चे सती बनी सुंदरीजी के वेशभूषा में दिखे

जैन युवा महिला मंडल एवं गोल्ड एज क्लब के सदस्यों ने बताया, प्रतियोगिता के माध्यम से समाज में यह संदेश देना चाहते हैं कि दादी, मम्मी, पापा और भाई-बहन अपने बच्चों में धर्म और संस्कृति को जीवित रखें तथा जैन धर्म को जयवंत बनाए रखें। हमें अच्छा प्रतिसाद मिला है और हम उम्मीद करते हैं कि आगे भी यह समर्थन मिलता रहेगा। विनय मित्र मंडल के संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र कोचर ने बताया कि अब तक 30 हजार से ज्यादा जरूरतमंदों को जयपुर पैर का वितरण संस्था द्वारा किया जा चुका है। महोत्सव के दौरान जयपुर पैर वितरण के लिए परिवार वीरेंद्र, तमन्ना सुराणा, पूजा सुराणा, कांतिलाल, संगीता, लता गोलछा, इंदरचंद, विमला बाई गोलछा, शारदा बोथरा से सहयोग मिला।

देवांगन समाज के पदाधिकारियों ने ली नई जिम्मेदारी की शपथ

रायपुर। देवांगन समाज में नए सदस्यों को जोड़ने के उद्देश्य से महिला प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। इसमें महिला पदाधिकारियों द्वारा सालभर अनेक गतिविधियों के माध्यम से सदस्यों को शामिल करने पर जोर दिया जाएगा। समिति गठन के दौरान महिला प्रदेश अध्यक्ष रेणु देवांगन, प्रदेश सचिव श्रद्धांजलि देवांगन और कोषाध्यक्ष के रूप में वेदिका देवांगन का चयन किया गया है। सदस्यों का चयन योग्यता और सदस्यों के मतदान से किया गया, जिसमें कुशल कार्य करने एवं गतिविधियों में लोगों को बढ़ावा देने की बात कही गई।

समाज के नए सदस्यों को जोड़ने की योजना

कार्यक्रम के दौरान नवीन अध्यक्ष ने कहा कि सालभर होने वाली गतिविधियों में सामाजिक हित के लिए अधिक से अधिक कार्य करने की योजना तैयार की जाएगी, जिसमें देवांगन समाज के सदस्य ज्यादा से ज्यादा जुड़ सकें। इन दिनों युवा सामाजिक गतिविधियों में शामिल होना अधिक पसंद करते हैं। महिला, स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में कार्य किया जाएगा। शपथ ग्रहण के दौरान अमिता देवांगन, प्रीति देवांगन, उर्मिला देवांगन जैसे 30 अन्य पदाधिकारियों का चयन बिलासपुर, पाटन, बेमेतरा जिले के लिए किया गया।

जैतूसाव मठ में 11 क्विंटल मालपुआ भोग की तैयारी शुरू

रायपुर। रामनवमी के शुभ अवसर पर जैतूसाव मठ में मालपुआ का विशेष भोग भगवान श्रीराम को अर्पित किए जाने की तैयारी है। प्रत्येक वर्ष श्रीराम जन्मोत्सव के दूसरे दिन प्रसादी का वितरण किया जाता है। इस साल 11 क्विंटल मालपुआ का भोग तैयार किया जा रहा है, जिसके लिए रामनवमी से 15 दिन पहले ही तैयारी शुरू हो गई है। मठ परिसर में रोजाना अनाज की साफ-सफाई एवं पकवान में शामिल होने वाली सामग्री तैयार की जा रही है। मंदिर के पुजारी सुमित तिवारी ने बताया कि बीते कई वर्षों से यह परंपरा निरंतर चली आ रही है।

रामनवमी पर भगवान का स्वर्ण श्रृंगार

प्रभु श्रीराम का मनपसंद भोग मालपुआ माना जाता है, जिसके कारण मठ में इसका भोग लगाया जाता है। जन्मोत्सव के दौरान दोपहर 12 बजे भव्य महाआरती की व्यवस्था की गई है, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु भगवान के जन्मोत्सव में शामिल होंगे। खास अवसर पर मंदिर प्रांगण को फूलों से सजाया जाएगा, जिसके पहले रंगरोगन का कार्य निरंतर जारी है। जन्मोत्सव पर भव्य श्रृंगार विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा, जिसमें स्वर्ण आभूषण और चमचमाती पोशाक भगवान को धारण कराई जाएगी।

सिटी स्पोर्ट्स

राजनांदगांव में बनेगा जिला स्तरीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

रायपुर। संचालक खेल एवं युवा कल्याण तनुजा सलाम ने राजनांदगांव स्थित वॉलीबॉल खेल मैदान का निरीक्षण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय खिलाड़ी एवं सीनियर मेडलिस्ट खिलाड़ियों ने संचालक को वॉलीबॉल खेल अकादमी की आवश्यकता के बारे में अवगत करवाया। खेल संचालक ने बताया कि राज्य शासन ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग की नवीन योजना छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की है। इसके तहत जिला मुख्यालय में एक जिला स्तरीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जाएगा, जिसमें वॉलीबॉल की सुविधाएं खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध कराई जाएंगी। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को शीघ्रातिशीघ्र एस्टीमेट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

स्थानीय सीनियर खिलाड़ियों पूर्व में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह से मिलकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने और वॉलीबॉल अकादमी प्रारंभ करने की मांग रखी थी। संचालक तनुजा सलाम ने बताया कि निकट भविष्य में राजनांदगांव में जिला स्तरीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में वॉलीबॉल खिलाड़ियों के लिए सुविधाओं के साथ वॉलीबॉल की आवासीय अकादमी भी प्रारंभ की जाएगी।

जिम्नास्टिक के खिलाड़ियों और कोच का हुआ सम्मान

भिलाई। वर्ल्ड'स बेस्ट जिमनास्टिक द्वारा आयोजित सम्मान समारोह 23 मार्च को बी.एम.जी जिमनास्टिक हॉल, सेक्टर - 6,भिलाई नगर, जिला- दुर्ग में हुआ। मुख्य अतिथि नीरज बाजपेयी अध्यक्ष और डायरेक्टर ऑफ़ एन.बी.आई .एस ग्रुप ऑफ स्कूलस एंड कॉलेजेस,राजनांदगांव ने पारितोषक के रूप में प्रत्येक खिलाड़ियों व कोच को 1100 भेंट कर खेल के प्रति उत्साहित करते हुए सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और खिलाड़ियों एवं उनके पालकों को ढेर सारी बधाईयाँ एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एम. एस रघुकुमार (अध्यक्ष बी.एम.जी समाज, सेक्टर 6, भिलाई) ने स्वागत भाषण देते हुए बधाईयाँ और शुभकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि बिश्वजीत मलिक (जिम्नास्टिक खेल के संस्थापक,भिलाई-दुर्ग) ने भी खिलाड़ियो,पालकगणों व कोचेस के प्रति हर्ष जताते हुए आशीर्वाद दिया।

लगातार,18 वर्षों से राज्य स्तरीय जिम्नास्टिक्स प्रतियोगिता में चैंपियन रहे व राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ राज्य के वर्ल्ड'स बेस्ट जिम्नास्टिक्स में प्रशिक्षण ले रहे कई खिलाड़ियों में से जिम्नास्ट अदारी नवीन साई कृष्णा ने 38वीं राष्ट्रीय खेल,उत्तराखंड 2025 में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व कर जिम्नास्टिक्स खेल के स्टील रिंग इवेंट में रजत पदक प्राप्त किया,68वे राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा जिम्नास्टिक्स प्रतियोगिता,वेस्ट बंगाल (कोलकाता) में छत्तीसगढ़ सीनियर आयु वर्ग में एन.युवराज रेड्डी ने फ्लोर एक्सरसाइज और टेबल वॉल्ट इवेंट के बेस्ट ऑफ़ 8 में अपनी जगह हासिल करते हुए फाइनल्स में सातवें एवं आठवें स्थान पर उपलब्धि हासिल की। सीबीएसई नेशनल गेम 2023-24अहमदनगर महाराष्ट्र में होरिजेंटल बार इवेंट पर कांस्य पदक,साथ ही डी.ए.वी नेशनल गेम्स 2023-24 दिल्ली में भी कई पदक मंदीप सिंह कंजवानी ने प्राप्त किए एवं वर्ल्ड'स बेस्ट जिम्नास्टिक्स कोच चंद्रदीप भारती ने स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया,पटियाला द्वारा आयोजित 6 सप्ताह के जिम्नास्टिक्स कोचिंग कोर्स को सफलतापूर्वक पूर्ण कर सभी खिलाड़ियों व कोच ने छत्तीसगढ़ राज्य का नाम गौरान्वित व रोशन किया। इस ऐतिहासिक जीत पर वर्ल्ड'स बेस्ट जिम्नास्टिक्स द्वारा ए. नवीन साई कृष्णा को स्मृति चिन्ह, ग्यारह हजार एक सौ एक रुपए (11,101) की नगद राशि और एन. युवराज रेड्डी, मनदीप सिंह, कंजवानी एवं कोच चंद्रदीप भारती को भी स्मृति चिन्ह और दो हजार एक सौ रुपए नगद राशि (21,00) भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही सम्मानित खिलाड़ियों और कोच के अभिभावकों को भी श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेटकर अतिथियो द्वारा सम्मानित किया गया।

उपस्थित अन्य सभी विशिष्ट अतिथियों और गेस्ट ऑफ़ ऑनर जी.पी. तिवारी (पूर्व महासचिव,छत्तीसगढ़प्रदेश जिमनास्टिक्स संघ), रज्जी एलेक्स (सचिव, बी.एम.जी), सुनील मेश्राम (पी.डब्ल्यू.डी.,छत्तीसगढ़), डिंचल देशलहरे (सब-इंस्पेक्टर, छत्तीसगढ़ पुलिस एवं सीनियर जिम्नास्ट), टी.एस.पारकर, सोमनाथ निषाद, बाबूलाल कोमरे, संजय वस्त्रकार, सुरेश सोनी, वी. पवन कुमार, डी. गोपी, शुभम बारले और पूनम चंद्राकर ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई व शुभकामनाएं दी।

कोलेस्ट्रॉल की संतुलित मात्रा हमारे शरीर के लिए जरूरी

कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से ही नुकसान नहीं, कम होना भी आपके दिल के लिए जोखिम, साइड इफेक्ट का भी खतरा

ब्लड में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के कारण होने वाली समस्याओं से हम सभी परिचित हैं, ये हृदय रोगों और हार्ट अटैक का प्रमुख कारण माना जाता है। आहार और लाइफस्टाइल में गड़बड़ी के कारण कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ सकता है, जिसके कारण होने वाले जोखिमों को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को अलर्ट करते रहे हैं। पर क्या आप जानते हैं कि कोलेस्ट्रॉल असल में शरीर के सामान्य कार्यों को लिए जरूरी होता है। इतना ही नहीं अगर ब्लड में गुड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा ज्यादा कम हो जाती है तो इसके कई प्रकार के साइड इफेक्ट्स भी हो सकते हैं। हाई कोलेस्ट्रॉल के स्तर से कोरोनरी आर्टरी डिजीज का जोखिम रहता है। पर यहां जानना जरूरी है कि कोलेस्ट्रॉल की उचित मात्रा हमारे शरीर के लिए जरूरी भी है। कोलेस्ट्रॉल एक मोमी, वसा जैसा पदार्थ होता है। ये सेल मेंब्रेन और कई प्रकार के हार्मोन्स के निर्माण में महत्वपूर्ण माना जाता है। आइए जानते हैं कि इसकी अधिकता और कमी का शरीर पर क्या असर होता है?

कोलेस्ट्रॉल भी शरीर के लिए जरूरी

कोलेस्ट्रॉल की कमी से होने वाले दुष्प्रभावों को जानने से पहले ये समझना जरूरी है कि ये दो प्रकार का होता है- गुड कोलेस्ट्रॉल और बैड कोलेस्ट्रॉल। हृदय रोगों के लिए जिस कोलेस्ट्रॉल के बढ़ने को हानिकारक माना जाता है वह है बैड कोलेस्ट्रॉल। ये रक्त वाहिकाओं में जमा होकर खून के संचार को बाधित कर देता है जिससे हृदय और शरीर के अन्य अंगों में पर्याप्त मात्रा में रक्त नहीं पहुंच पाता है। इसकी अधिकता के कारण हार्ट अटैक तक होने का जोखिम हो सकता है।पर गुड कोलेस्ट्रॉल का स्तर ठीक बना रहना सेहत के लिए आवश्यक है।

गुड कोलेस्ट्रॉल क्या है?

गुड कोलेस्ट्रॉल को एचडीएल (हाई डेंसिटी लिपोप्रोटीन) कोलेस्ट्रॉल भी कहा जाता है। ये रक्त में अतिरिक्त कोलेस्ट्रॉल को अवशोषित करता है और इसे वापस लिवर में ले जाता है फिर लिवर इसे शरीर से बाहर निकाल देता है। एचडीएल कोलेस्ट्रॉल का स्तर ठीक रहने से हृदय रोग और स्ट्रोक के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है। आहार को ठीक रखकर शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है।

गुड कोलेस्ट्रॉल की कमी से होने वाली समस्याएं

कोलेस्ट्रॉल की अधिकता की अक्सर चर्चा होती है पर क्या आप जानते हैं कि अगर ब्लड में गुड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा सामान्य से कम हो जाए तो इसके कई प्रकार के नुकसान भी हो सकते हैं?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ अभी भी लो गुड कोलेस्ट्रॉल और इसके कारण होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों के बीच संबंध के बारे में अधिक जानने की कोशिश कर रहे हैं। बहुत लो एचडीएल कोलेस्ट्रॉल को कैसे परिभाषित किया जाए, इस पर भी कोई सहमति नहीं है, लेकिन एचडीएल को बहुत कम तब माना जा सकता है यदि यह 40 मिलीग्राम प्रति डेसीलीटर से कम है।

गुड कोलेस्ट्रॉल की कमी के जोखिम

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, वैसे तो गुड कोलेस्ट्रॉल की कमी के मामले काफी दुर्लभ हैं, पर कुछ अध्ययनों में पाया गया है कि एचडीएल कोलेस्ट्रॉल का बहुत कम स्तर कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। गुड कोलेस्ट्रॉल की कमी के कारण कैंसर, रक्तस्त्रावी स्ट्रोक, अवसाद-चिंता विकार हो सकता है। इसके अलावा यदि गर्भावस्था के दौरान आपका गुड कोलेस्ट्रॉल कम हो जाता है तो समय से पहले जन्म और जन्म के समय बच्चे का वजन कम होने का खतरा हो सकता है। हालांकि इस तरह के मामले कम देखे जाते रहे हैं।



गर्दन पर पड़ी रेखाएं बताती हैं आपकी सेहत का हाल, इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज

गर्दन पर पड़ने वाली रेखाओं को सिर्फ स्किन की परेशानी समझ कर नजरअंदाज करने की भूल न करें। असल में ये रेखाएं गंभीर स्वास्थ्य समस्या का संकेत हो सकती हैं, इसलिए आपको इसकी असल समस्या को जानना और समझना होगा।

त्वचा न सिर्फ शरीर का बाहरी आवरण है, बल्कि यह पूरे शरीर का प्रतिबिंब है। शरीर की अंदरुनी समस्याओं के लक्षण अक्सर त्वचा पर दिख जाते हैं, जैसे कि गर्दन पर पड़ने वाली रेखाएं भी काफी हद तक आपकी सेहत का हाल बयां करती हैं। ऐसी स्थिति में गर्दन पर पड़ी रेखाओं से निजात दिलाने में सिर्फ स्किन केयर कारगर साबित नहीं हो सकता है, बल्कि इसके लिए आपको इसकी असल समस्या को जानना और समझना होगा।

आपको बताने जा रहे हैं कि कि गर्दन पर पड़ने वाली रेखाएं किस तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का संकेत हो सकती हैं। डॉ. विप्लव कांबले इस बारे में दे रहे हैं खास जानकारी।

डॉ. विप्लव कांबले बताते हैं कि किसी व्यक्ति के त्वचा के प्रकार और उसमें होने वाले बदलाव से काफी हद तक आंतरिक स्वास्थ्य स्थिति का पता चलता है। बात अगर आप गर्दन पर पड़ने वाली रेखाओं की करें तो धूप, बाहरी प्रदूषण के अलावा शारीरिक स्थिति भी इसके लिए काफी

हद तक जिम्मेदार हो सकती है। ऐसे में स्किन केयर के बावजूद आपके गर्दन पर रेखाएं बनती दिख रही हैं तो आपको इसके लिए गंभीर होने की जरूरत है।

डॉ. विप्लव कांबले के अनुसार, कुछ शारीरिक समस्याओं और परिस्थितियों में गर्दन पर रेखाएं उभरने लगती हैं। इसलिए गर्दन पर पड़ने वाली रेखाओं को सिर्फ स्किन की परेशानी समझ कर नजरअंदाज करने की भूल न करें। असल में, ये रेखाएं गंभीर स्वास्थ्य समस्या का संकेत हो सकती हैं। चलिए अब उन समस्याओं के बारे में भी जान लेते हैं जिनके चलते ऐसी रेखाएं गर्दन पर दिखने लगती हैं।

डायबिटीज

अगर आपकी गर्दन पर काली रेखाएं या परत सी जम रही है तो यह डायबिटीज का संकेत हो सकता है। बता दें कि शरीर में इंसुलिन रेजिस्टेंस की वजह से इस तरह की स्किन समस्या उत्पन्न होती है, जिसे मेडिकल टर्म में एकैन्थोसिस नाइग्रिकन्स कहते हैं। इस स्थिति में शरीर में इंसुलिन की अधिकता के चलते गर्दन और दूसरी जगहों पर रेखाएं और काले धब्बे दिखने शुरू हो जाते हैं। इसलिए अगर आपकी गर्दन पर असामान्य रूप से रेखाएं दिखती हैं तो अपना शुगर जरूर चेक करें।

थायराइड

थायराइड की समस्या में भी गर्दन पर रेखाएं बननी शुरू हो जाती हैं। डॉ. विप्लव कांबले बताते हैं कि थायराइड में हार्मोनल असंतुलन के कारण स्किन संबंधी समस्याएं अक्सर हो जाती हैं, जिनमें गर्दन पर रेखाओं का दिखना भी शामिल है। इस तरह से देखा जाए तो थायराइड के कारण गर्दन पर रेखाएं और काली परत का दिखना एक आम लक्षण है, जिसकी



समय रहते पहचान जरूरी है। ऐसा इसलिए क्योंकि थायराइड के कारण अक्सर शारीरिक थकान और कमजोरी की समस्या इस हद तक बढ़ जाती है कि लोगों के लिए सामान्य जीवन जी पाना मुश्किल हो जाता है।

सीनियर एलिट ग्रुप में 10 टीमें दिखा रहीं प्रदेश के विभिन्न मैदानों में जलवा

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टूर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 09 मार्च से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 10 टीमें भाग ले रही है। 22 से 25 मार्च श्रृंखला में आखिरी दिन मंगलवार को 4 मैच खेले गये।

भिलाई के विरुद्ध रायपुर ब्लू को बढ़त

ग्रुप ए का पांचवा चार दिवसीय मैच रायपुर ब्लू एवं भिलाई के मध्य राजनांदगांव में खेला गया। भिलाई ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। रायपुर ब्लू ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 119 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 403 रन बनाये तथा पारी घोषित कर दी। रायपुर ब्लू की ओर से पवनदीप सिंह ने सर्वाधिक 133 रन तथा आलोक साहू ने 102 रन बनाये। वहीं भिलाई की ओर से नमन धुव तथा शुभम सिंह ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। भिलाई ने अपनी पहली पारी में 81.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 213 रन ही बनाये। भिलाई की ओर से साहिल रजत शरीफ ने 73 रन तथा गर्व कुमार सिंह ने 35 रनों का योगदान दिया। वहीं रायपुर ब्लू की ओर से वरुण सिंह भुई ने 5 विकेट तथा गौरव चतुर्वेदी ने 3 विकेट प्राप्त किये। मैच ड्रा पर समाप्त हुआ। रायपुर ब्लू ने पहली पारी में बढत प्राप्त की।

बिलासपुर ब्लू को जांजगीर चांपा के विरुद्ध बढ़त: ग्रुप ए का छठवां चार दिवसीय मैच बिलासपुर ब्लू एवं जांजगीर चांपा के मध्य सेक्टर 10 मैदान, भिलाई में खेला गया। बिलासपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया।

जांजगीर चांपा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 92.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 295 रन बनाये। जांजगीर चांपा की ओर से जानेन्द्र सिदार ने सर्वाधिक 110 रन तथा संजीव सिंह ने 49 रन बनाये। वहीं बिलासपुर ब्लु की ओर से श्रेयम सुदंरम ने 4 विकेट तथा शहनवाज ने 3 विकेट प्राप्त किये। बिलासपुर ब्लू ने अपनी पहली पारी में 125 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 404 रन बनाये। बिलासपुर ब्लू की ओर से सन्नी पांडे ने 112 रन तथा रोहित नेतानी ने 82 रनों का योगदान दिया। वहीं जांजगीर चांपा की ओर से शाहबान खान ने 4 विकेट प्राप्त किये।

आयुष शर्मा 101 रन

मैच की समाप्ति तक जांजगीर चांपा ने अपनी दूसरी पारी में 81.1 ओवरों में 4 विकेट खोकर 282 रन बनाये हैं। जांजगीर चांपा की ओर से आयुश शर्मा ने नाबाद 101 रन तथा शाहबान खान ने 54 रनों का योगदान दिया। मैच ड्रा पर समाप्त हुआ। बिलासपुर ब्लू ने पहली पारी की बढत प्राप्त की।

प्लेट कंबाइंड बनाम रायपुर का मैच ड्रॉ: ग्रुप बी का पांचवा चार दिवसीय मैच प्लेट कंबाइंड एवं रायपुर के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में खेला गया। रायपुर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया।

रमजान के महीने में इफ्तार के लिए तैयार करके रखें ये स्नैक्स

इफ्तार और सहरी के लिए लोग अपने-अपने घरों में तमाम तरह के पकवान बनाते हैं। ऐसे में महिलाओं के सामने अक्सर ये दिक्कत आती है कि वो हर रोज क्या अलग बनाएं। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसे स्नैक्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे आप बनाकर स्टोर करके रख सकती हैं। सहरी के साथ आप इफ्तार में भी इसका सेवन कर सकते हैं।

पोहे की नमकीन: पोहे की नमकीन बनाना काफी आसान है। अगर आपको नमकीन खाने का शौक है, तो आप सहरी और इफ्तार के लिए पोहा नमकीन बनाकर तैयार करा सकती हैं। ये खाने में काफी हल्की होती है, इसलिए आप इसका सेवन रोजा खोलने के बाद कर सकते हैं।

मखाने की नमकीन: आप मखाने को अच्छी तरह से भून कर इसे डिब्बे में बंद करके रख सकती हैं। मखाने भूनने के बाद इसकी नमकीन तैयार करें। इस नमकीन का सेवन अगर आप सहरी में करेंगे तो ये आपको दिनभर एनर्जी प्रदान करेगी।

आलू के चिप्स: कहा जाता है कि रोजा खोलने के बाद हमेशा हल्का ही खाना चाहिए। ऐसे में सहरी और इफ्तार में आलू के चिप्स बनाकर आप रख सकती हैं। इसे पहले से तैयार करके अगर आप रख लेंगी, तो आपको ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ेगी।

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

बीबर की बात सुनकर चौंक जाएंगे, बोले- 'मैं दूसरों को खुश करने के खुद से नफरत

जस्टिन बीबर ने अपने प्रशंसकों को अपने नए एल्बम की एक खास झलक दिखाई। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह कई

संगीतकारों के साथ कीबोर्ड बजाते हुए नजर आए। साथ ही एक खास नोट भी लिखा। पॉप आइकन जस्टिन बीबर ने सोशल मीडिया पर एक बिहाइंड द सीन क्लिप शेयर किया, जिसमें वह संगीतकारों के साथ अपने नए एल्बम पर काम करते नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने इस वीडियो के साथ एक खास नोट भी लिखा, जो उनके खुद के बारे में है।

इस वीडियो में उनके साथ जेन्सन मैकरे, जुडाह स्मिथ, जोश मेहल, डीजे टे जेम्स और कैंपर जैसे कलाकार भी नजर आ रहे हैं। जस्टिन ने इंस्टाग्राम की पोस्ट के जरिए अपनी परेशानियों के बारे में बताया, जैसे गुस्से की समस्या और उससे निपटने की कोशिश। इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, "उन्हें हमेशा दूसरों को खुश करने का दबाव महसूस होता है, जिससे वह अब थक गए हैं। क्योंकि इस दबाव में वह कभी-कभी खुद को खो देते हैं और ऐसा लगता है कि वह दिखावा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें खुद से नफरत होती है जब वह दूसरों को खुश करने के लिए खुद को बदलते हैं। एक खबर के मुताबिक, उनका नया एल्बम उनकी जिंदगी के निजी अनुभवों, पुरानी मुश्किलों, रिश्तों और पिता बनने की कहानी को दिखाएगा। हाल ही में जस्टिन ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर बताया कि बचपन में उन्हें नफरत ना करने की सलाह दी जाती थी, लेकिन इससे उनकी भावनाएं दब गईं।

टॉलीवुड

नितिन की 'रॉबिनहुड' को प्रमोट करने हैदराबाद पहुंचे वार्नर, वेंकी कुदुमुला ने किया स्वागत

वेंकी कुदुमुला के निर्देशन में बनी और नितिन के साथ श्रीलीला की फिल्म 'रॉबिनहुड' में डेविड वार्नर भी खास रोल में नजर आएंगे। यही वजह है कि डेविड फिल्म की

रिलीज से पहले फिल्म का प्रचार करने के लिए हैदराबाद पहुंच चुके हैं। 'रॉबिनहुड', 28 मार्च, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। 'रॉबिनहुड' का प्रचार जोर-शोर से चल रहा है और यह दर्शकों के बीच खूब चर्चा बटोर रही है। वहीं इसी बीच 'रॉबिनहुड' में खास रोल निभा रहे डेविड वार्नर भी फिल्म को प्रमोट करने के लिए हैदाराबाद पहुंच चुके हैं।

इस फिल्म के साथ ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वार्नर भी टॉलीवुड में पहली बार कदम रख रहे हैं। उनकी भूमिका के बारे में अभी ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन प्रचार के लिए वह हैदराबाद पहुंच चुके हैं। डेविड वार्नर तेलुगु सिनेमा, खासकर अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा के बड़े प्रशंसक हैं। उनकी मौजूदगी ने फिल्म के प्रति उत्साह को और बढ़ा दिया है।

खबर के मुताबिक, हैदराबाद के आरजीआईए हवाई अड्डे पर निर्देशक वेंकी कुदुमुला और प्रशंसकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। आज शाम 5 बजे से हैदराबाद के एचआईसीसी नोवोटेल में फिल्म का भव्य प्री-रिलीज इवेंट और ट्रेलर लॉन्च होने जा रहा है, जिसमें फिल्म की पूरी टीम शामिल होगी।

माना जा रहा है कि ट्रेलर फिल्म की कहानी और रोमांच को नई ऊंचाई देगा, जिससे दर्शकों की उम्मीदें और बढ़ गई हैं। माइथ्री मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में जीवी प्रकाश कुमार का संगीत है, जो पहले से ही लोगों का ध्यान खींच रहा है। रॉबिनहुड एक एक्शन से भरपूर मनोरंजक फिल्म होने का दावा कर रही है। नितिन के प्रशंसक फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं। फिल्म में श्रीलीला मुख्य अभिनेत्री के तौर पर नजर आएंगी। वहीं, राजेंद्र प्रसाद और देवदत्त नागे जैसे कलाकार अहम किरदारों में दिखेंगे।

भोजपुरी

प्रिया ने चलाया खेसारी पर जादू, नए गाने 'टुकलिया जान मारता' में दिखी गजब केमिस्ट्री

भोजपुरी इंडस्ट्री के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव के अभिनय और गानों के फैंस दीवाने हैं। खेसारी भी दर्शकों को निराश नहीं करते और हर गाने में अपने

शानदार अंदाज से मनोरंजन करते दिखाई देते हैं। अब वे नया गाना 'टिकुलिया जान मारता' आया है। यह गाना शुक्रवार 21 मार्च को रिलीज हुआ है और ट्रेंड कर रहा है।

इस गाने में खेसारी लाल यादव और प्रिया रघुवंशी नजर आ रहे हैं। दोनों के बीच कमाल की केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। गाने को खेसारी ने अपनी खूबसूरत आवाज से सजाया है। गाने के लिरिक्स अखिलेश कश्यप ने लिखे हैं। म्यूजिक डायरेक्ट आर्य शर्मा ने किया है। इस गाने को अब तक करीब दो लाख व्यूज मिल चुके हैं। प्रिया रघुवंशी गाने में खेसारी की पत्नी के रोल में नजर आ रही हैं। खेसारी लाल यादव किताब लेकर पढ़ते नजर आ रहे हैं, वहीं प्रिया उन्हें रिझाने की कोशिश कर रही हैं। वहीं, खेसारी पर कोई फर्क ही नहीं पड़ रहा, वे पूरी तरह से एकाग्र होकर पढ़ाई कर रहे हैं। इस गाने पर यूजर्स की काफी अच्छी प्रतिक्रिया आ रही है। यूजर लिख रहे हैं, 'गर्दा उड़ा दिया'। कुछ यूजर लिख रहे हैं, 'जोड़ी कमाल है'।

लाइफ स्टाइल

फैशन के ट्रेंड कभी खत्म नहीं होते लेकिन अक्सर कुछ ट्रेंड्स अचानक सामने आते हैं और सुर्खियाँ बटोर लेते हैं । तो तैयार हो जाइए, फैशनिस्टा के लिए। यह उन लुक्स में गहराई से उतरने का समय है जो इस साल रनवे और सड़कों पर छाने वाले हैं। समुद्री ठाठ 2025 में तूफान मचाने के लिए तैयार है, जिसमें क्लासिक नॉटिकल वाइब्स को एक बोल्ड, आधुनिक एज के साथ मिलाया गया है। जिससे यह समुद्र तट पर घूमने से लेकर स्टाइलिश शहरी सैर-सपाटे तक हर चीज के लिए आदर्श विकल्प बन जाता है।

शादी की तैयारी के लिए ब्राइडल मेहंदी को दें पर्सनलाइज टच

शादी की अहम रस्मों में मेहंदी लगाने का रिवाज निभाया जाता है। ब्राइडल मेहंदी अपने आप में खास होती है। यही कारण है कि लड़कियां मेहंदी के डिजाइन पर खास ध्यान देती हैं। आखिर ब्राइडल मेहंदी का स्पेशल होना तो बनता है।

क्या आप अपनी ब्राइडल मेहंदी को पर्सनलाइज टच देना चाहती हैं? ताकि आपकी मेहंदी और भी सुंदर लगे। आज हम आपके लिए ऐसे ही कुछ आइडियाज लेकर आए हैं जिन्हें आप अपनी मेहंदी डिजाइन के लिए चुन सकती हैं। ऐसा माना जाता है कि हमारे जोडियक साइंस हमारी जिंदगी को कुछ हद तक प्रभावित करते हैं। इनका हमारी लाइफ में अहम रोल होता है। इसलिए दूल्हा दुल्हन के राशि भी देखी जाती है।

क्या आपकी भी शादी होने वाली है? मेहंदी रस्म में बस कुछ ही दिन बाकी हैं और आप चाहती हैं कि आपकी ब्राइडल मेहंदी सबसे अलग और मीनिंगफुल हो? तो ऐसे में आप अपने हाथों पर अपना और अपने पार्टनर का

जोडियक साइन बन सकती हैं।

आप सिंबल को अपने हिसाब से डेकोरेट भी करवा सकती हैं ताकि वह कर सुंदर दिखे। लीजिए बन गई आपकी ब्राइडल मेहंदी स्पेशल।

अगर आपको शायरी लिखने और पढ़ने का शौक है तो आपको यकीनन यह आइडिया जरूर पसंद आएगा। आप अपनी ब्राइडल मेहंदी में अपने पार्टनर को कोई शायरी डेडिकेट कर सकती हैं। मेहंदी को यूनीक टच देने के लिए आप चाहें तो हिंदी इंग्लिश के बजाय कोई दूसरी भाषा में भी शायरी लिखवा सकती हैं।शायरी नहीं तो केवल आई लव यू भी एक अच्छा ऑप्शन है। यकीन मानिए आपकी इस स्टाइल की ब्राइडल मेहंदी सभी को जरूर पसंद आएगी।

जींस में दिखना है एक्स्ट्रा स्मार्ट तो खरीदने से पहले ध्यान दें इन टिप्स पर

जींस एक बहुत ही आम पहनावा बन चुका है। हर उम्र के लोग इसे पहन रहे हैं। लेकिन अफसोस की ये सब पर बेस्ट लुक नहीं देती है। दरअसल लोग जींस फैशन के हिसाब से खरीदते हैं।

जबकि जींस फैशन के हिसाब से नहीं बल्कि बॉडी पर सही फिटिंग के हिसाब से चुनी जानी चाहिए। चुनाव के कुछ तरीके और भी हैं। सही जींस कैसे चुनी जा सकती है, तरीके हम बताते हैं-

बॉडी शेप को पहचानें

जींस लेने से पहले अपने बॉडी टाइप और आकार को पहचानना जरूरी होता है। लेकिन जींस के हिसाब से खुद को फिट करने के लिए अपने बॉडी टाइप की जानकारी जरूरी होती है। अगर आप लंबे और पतले हैं तो आपके ऊपर स्किनी और स्ट्रेट लेग जींस फिट आएगी।पियर शेप बॉडी पर कर्वी फिट जींस अच्छी लगेगी। अगर कमर पर मोटापा ज्यादा है तो हाई राइज जींस पहनें। इससे कमर छोटी और थोड़ी पतली दिखेगी।

जो कभी न हो आउट ऑफ फैशन

जींस का वो पैटर्न खरीदें, जो कभी आउट ऑफ़ फैशन नहीं होता है। जैसे हाईराइज जींस या स्ट्रेट लेग जींस। जबकि बूटलेग्स जैसे जींस का फैशन हमेशा नहीं आता है।

सबसे अच्छा फैब्रिक

जींस का सबसे अच्छा फैब्रिक वो होता है जो पहले टच में ही सॉफ्ट लगे। साथ में इसमें थोडा स्ट्रेच भी हो लेकिन ये शेपलेस न हो। इस तरह की क्वालिटी की जींस खरीद कर आप सालों तक इसे इस्तेमाल कर पाएंगे। हो सकता है ऐसे फैब्रिक में जींस थोड़ी महंगी मिले लेकिन ये आपका साथ लंबे समय तक देगी।

ट्रेडिशनल ब्लू डेनिम है परफेक्ट

जींस का ट्रेडिशनल ब्लू कलर हमेशा वाला कलर है। ये कई सारे रंगों के साथ मैच होता है तो हर फैशन ट्रेंड का हिस्सा भी होता है। इसको पार्टी वियर अपर के साथ भी पहना जा सकता है तो कैजुअल आउटिंग के साथ भी। इसके साथ ब्लैक डेनिम भी ऐसा कलर है जो काफी मौकों पर पहना जा सकता है। रात वाले मौकों पर तो ये बहुत ही अच्छी लगती है।

स्किन टाइप के अनुसार खरीदें ये बेस्ट आफ्टरशेव लोशन

शेविंग के बाद जलन होना आम है। लेकिन आफ्टर शेव लगाने के बाद जलन की कई वजहें हो सकती हैं। ऐसा स्किन टाइप के हिसाब से प्रोडक्ट का इस्तेमाल न करने से भी हो सकता है। किसी भी अच्छी मेंस शेविंग किट में आफ्टर शेव लोशन का होना बहुत जरूरी है। क्योंकि, शेविंग के बाद स्किन को फाइनल टच देने का काम अच्छे आफ्टर शेव के बिना करना मुश्किल है। ये फाइनल टच स्किन के लिए किसी असरदार दवा जैसा ही काम करता है।

क्यों जरूरी हैं आफ्टर शेव लोशन ? : आफ्टर शेव लोशन का आविष्कार मूल रूप से शेविंग के दौरान लगने वाले छोटे कट्स के उपचार और एंटीसेप्टिक उत्पाद के रूप में किया गया था। ये आपको शेविंग के दौरान बेहतर अहसास और फिनिश का भी अहसास कराता है। आफ्टर शेव लोशन की सबसे महत्वपूर्ण सामग्री अल्कोहल है। अधिकांश पुरुषों की स्किन के लिए अल्कोहल अच्छी तरह से काम करता है। हालांकि कुछ स्किन टाइप पर अगर अल्कोहल की अधिक मात्रा का प्रयोग किया जाए तो ये स्किन में जलन,

लालिमा और सूजन जैसे प्रभाव भी छोड़ सकता है। आमतौर पर आफ्टर शेव को आइसोप्रोपिल अल्कोहल या एथाइल अल्कोहल से बनाया जाता है। इसी अल्कोहल का प्रयोग हैंड सेनेटाइजर या घरेलू क्लीनर्स को बनाने में होता है। इसे रबिंग अल्कोहल भी कहा जाता है। लेकिन बीते कुछ साल में, मार्केट में आफ्टर शेव लोशन के कई विकल्प मिलने लगे हैं। इनमें शेविंग बाम और शेविंग लोशन आदि मौजूद हैं। ये स्किन पर कहीं ज्यादा मुलायम और हेल्दी फील देने वाले प्रोडक्ट्स हैं। हालांकि, अब मार्केट में प्राकृतिक आफ्टर शेव भी आ गए हैं। इन आफ्टर शेव को जोजोबा और नारियल के तेल से बनाया जाता है। इसके अलावा, एलोवेरा जेल से बनने वाले आफ्टर शेव भी खूब पसंद किए जा रहे हैं।

फटी हुई एड़ियों को इन की मदद से करें मॉइश्चराइज

बदलते हुए मौमस में जहां हम अपने चेहरे और हाथों की देखभाल करते केयर कर लेते हैं तो वहीं पैरों के मामले में थोड़ा केयरलेस हो जाते हैं। पैरों की त्वचा का सही तरीके से ध्यान नहीं रखने से एड़ियां फट जाती हैं जिसकी वजह से इनकी कोमलता खो जाती है। अब आप घर पर ही फटी हुई एड़ियों को मॉइस्चराइज कर सकते हैं सकती है। इस आर्टिकल में हम आपको उन चीजों के बारे में बताएंगे जो आपको आसानी से घर पर मिल जाएंगी और आपके पैरों की त्वचा का ख्याल रखने में मदद करेंगी।

शहद : फटी हुई एड़ियों को मॉइस्चराइज करने के लिए शहद का इस्तेमाल कर सकते हैं। शहद में एमिनो एसिड्स, विटामिन्स, मिनरल्स, आयरन, जिंक एंड एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे कई गुण होते हैं जो फटी हुई एड़ियों को हील करने में मदद करते हैं।

घी: शहद के अलावा फटी हुई एड़ियों को हील करने के लिए घी का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। घी में फैटी एसिड्स की अच्छी मात्रा होती है। इसके अलावा इसमें कई सारे विटामिन भी होते हैं जो फटी हुई एड़ियां ठीक करने का काम भी करते हैं।

एलोवेरा : एलोवेरा भी फटी हुई एड़ियों को ठीक करने में उपयोगी है। एलोवेरा औषधीय गुणों से भरपूर है। फटी हुई एड़ियों पर एलोवेरा जेल को लगाने से

त्वचा कोमल और मुलायम रहती हैं।

नारियल तेल: नारियल तेल को प्राकृतिक मॉइस्चराइजर कहा जाता है। जहां नारियल का तेल बालों और त्वचा के उपयोगी है तो वहीं फटी एड़ियों की दरारों को कम करने में नारियल तेल उपयोगी है।

दूध की मलाई: दूध की मलाई भी फटी एड़ियों को ठीक करने का काम करती है। मलाई प्राकृतिक उपाय है और अगर आप फटी एड़ियों पर मलाई लगाते हैं तो त्वचा में आई दरारें ठीक हो जाती है साथ ही पैरों की त्वचा नरम रहती है।

कार्नर न्यूज

जींस के साथ कुर्ती में मौजूद है ढेर सारे ऑप्शन

ऑफिस में बेल बॉटम जींस के साथ वियर करें कुर्ती कूल लुक आपको भीड़ में भी देगा अलग रौनक

जींस के साथ इस बार टॉप नहीं कुर्ती को स्टाइल करें। इसमें आप खूबसूरत भी नजर आएगी।जींस पहनना आप पसंद करती हैं तो इसके साथ इस बार टॉप की जगह कुर्ती को वियर करें। कुर्ती में काफी सारे ऑप्शन आपको मिल जाएंगे। जिसे आप ऑफिस या किसी खास दिन में वियर कर सकती हैं। इसमें आपका लुक भी अच्छा आएगा। साथ ही आप कम्फर्टेबल नजर आएगी। बस आपको डिजाइन और पैटर्न का ध्यान रखना पड़ेगा ताकि जब आप इसे वियर करें तो किसी तरह की कोई परेशानी न हो। चलिए आपको बताते हैं किस तरह की कुर्ती को आप वियर कर सकती हैं।

फ्रंट कट स्टाइल कुर्ती

अगर आपको स्टाइलिश लुक क्रिएट करना है तो इसके लिए आप बेल बॉटम पैंट के साथ फ्रंट कट कुर्ती को स्टाइल कर सकती हैं। इसे आप कॉलेज, ऑफिस या रेगुलर दिनों में भी स्टाइल कर सकती हैं। इसके लिए आप प्रिंटेड कुर्ती वियर करेंगी तो ज्यादा अच्छी लगेंगी। साथ ही अगर आपके जींस का कलर लाइट है तो आप डार्क कलर कुर्ती को वियर कर सकती हैं। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। मार्केट में इस तरह की कुर्ती आपको 500 रुपये में मिल जाएगी।

पेप्लम स्टाइल कुर्ती

कुर्ती में काफी सारे नए-नए ऑप्शन मिल जाएंगे। आप इस बार बेल बॉटम जींस के साथ पेप्लम स्टाइल कुर्ती को वियर करें। इसके लिए आप चिकनकारी वर्क वाली कुर्ती को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह का पैटर्न ट्रेंड में भी है और पहनने के बाद अच्छी लगती है। इसे आप किसी भी कलर में खरीदकर ब्लू कलर बैल बॉटम जींस के साथ स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में इस तरह की कुर्ती आपको 250 से 500 रुपये में मिल जाती है।

प्रिंटेड स्ट्रेट कुर्ती

आप बैल बॉटम जींस के साथ आप प्रिंटेड स्ट्रेट कुर्ती को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें बड़े प्रिंट भी मिलते हैं। साथ ही इसमें छोटे प्रिंट में भी कुर्ती मिलती है। जिसे आप वियर कर सकती हैं। इसमें लुक एकदम कैजुअल लगता है। साथ ही जब आप इस तरह की कुर्ती को वियर

करते हैं तो सुंदर नजर आती हैं। इसे आप किसी भी मार्केट से 200 से 250 रुपये में खरीद सकती हैं। बैल बॉटम के साथ आप लॉन्ग कुर्ती के साथ-साथ शॉर्ट कुर्ती को भी वियर कर सकती हैं। इसमें भी लुक काफी अच्छा और क्लासी लगता है। इन्हें आप ऑफिस के साथ-साथ डेली भी वियर कर सकती हैं।